# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026







# छत्तीसगढ़ की पहचान अब नक्सलवाद नहीं, पर्यटन राज्य के रूप में होगी



हरिभूमि आईएनएच के संवाद-2026 कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर- चांपा

हरिभूमि आईएनएच के संवाद-2026 कार्यक्रम में राज्य के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कांग्रेस सरकार पर जनहित के कामों को रोकने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले दो सालों में भाजपा की सरकार लगातार जनहित के कामों को आगे बढ़ा रही है। प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है और अब छत्तीसगढ़ पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। जल्द ही छत्तीसगढ़ की पहचान पर्यटन राज्य के रूप में स्थापित हो जाएगी। उन्होंने तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी देते हुए दावा किया कि अनुसूचित जाति समाज पार्टी के कामों को देखते हुए ही भाजपा से जुड़ रहा है।

## हरिभूमि आईएनएच के संवाद :2026 में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का तकनीकी शिक्षा व अनुसूचित जाति विकास मंत्री खुशवंत साहेब से संवाद

■ *डॉ. द्विवेदी:धर्मगुरु ,राजनीतिक गुरु और संत के बीच में सामंजस्य किस प्रकार बिठाते हैं ?*

■ गुरु खुशवंत साहेब- धर्म नीति और राजनीति दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और दोनों को एक ही माना जा सकता है। दोनों का उद्देश्य जनता के लिए जनता के हित में काम करना होता है। इसलिए ही 18 फरवरी से पदयात्रा निकाली जा रही है जिससे इन उद्देश्यों की पूर्ति का मार्ग और प्रशस्त हो सके। यह माना जाना चाहिए कि संसार में सिर्फ दो ही जाति हैं स्त्री और पुरुष की। इसके अलावा कोई और जाति नहीं है। बाबा गुरु घासीदास का भी यही संदेश था की मनखे मनखे एक समान होता है।



जांजगीर में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की होगी कोशिश

■ *डॉ. द्विवेदी: शायद सरकार में जब मंत्रिमंडल का गठन हुआ तो आप शामिल नहीं थे, नई लिस्ट में आपका नाम आया। कैसे देखते हैं इसे ?*

■ गुरु खुशवंत साहेब- भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे कार्यकर्ताओं को भी बड़ा पद मिल सकता है। सभी कार्यकर्ता यह मेहनत करते हैं कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा जा सकें। सभी कार्यकर्ताओं के मन में बस एक ही बात होती है देश प्रथम और राज्य प्रथम। ▶▶|शेष पेज 6 पर


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹114620/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹139990/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹152812/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की हमारी तरफ से त्रुटिवश कल के दैनिक हरिभूमि अखबार में दिनांक 15/02/2026 के संस्करण में श्री गणेश जी के हाथो में कंपनी के प्रोडक्ट का विज्ञापन छप गया था। इस विज्ञापन को देखकर किसी भी व्यक्ति / समाज / संगठन को यदि कोई ठेस या भावनाओ को आहात पहुचा हो, तो हम श्री गणेशा ग्लोबल गुलाल प्राइवेट लिमिटेड रायपुर, हृदय से खेद व्यक्त करते है, और भविष्य में हमारी तरफ से ऐसी कोई गलती न हो, इसका वचन देते है।


## खबर संक्षेप

### हवाई अड्डा क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में निर्माणाधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर क्षेत्र में अवैध रूप से ड्रोन उड़ाए जाने की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हवाई अड्डा की सुरक्षा संभाल रही एक निजी एजेंसी के पर्यवेक्षक कृष्णकांत की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है।
पिछले दो-तीन दिन से रनहेरा-कुरैब गांव की ओर से झाझर रोड दिशा में ड्रोन परिसर में प्रवेश करते हैं और कुछ समय बाद उसी दिशा में लौट जाते हैं। अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। हवाई अड्डा क्षेत्र को 'नो-ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित किया है।

### सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर 1.01 करोड़ के पुरस्कार

**उज्जैन।** मप्र सरकार ने उज्जैन के शासक रहे सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर 1.01 करोड़ रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन के महान शासक की स्मृति में 21 लाख रुपए के राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार और 5-5 लाख रुपए के तीन राज्य स्तरीय पुरस्कारों की भी घोषणा की। सम्राट विक्रमादित्य की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने और उनके शौर्य, न्याय तथा प्रजावत्सल आदर्शों को अमर बनाने अंतरराष्ट्रीय अलंकरण सम्मान शुरू किया जाएगा।



### अवैध बॉक्साइट उत्खनन के आरोप में की गई मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया केस, एसडीएम समेत चार को भेजा जेल

# एसडीएम और दबंगों ने तीन ग्रामीणों को बेरहमी से पीटा, बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसमी

खास खबर

बलरामपुर जिले में ग्राम हंसपुर घुंघरू पाठ में थार और शासकीय वाहन से पहुंचे एसडीएम और दबंगों ने आदिवासी ग्रामीणों की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना में एक ग्रामीण की मौत हो गई। अपने गुर्गों के साथ गांव में पहुंचे एसडीएम करुण डहरिया ने तीन ग्रामीणों को पकड़कर लाठी डंडे व लात मुक्के से इस कदर पिटाई की कि वे बेहोश हो गए। गंभीर रूप से घायल तीनों ग्रामीणों को कार में डालकर एसडीएम ने अस्पताल में ले जाकर छोड़ दिया। इस दौरान मारपीट से गंभीर बुजुर्ग ग्रामीण ने देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हैं। ग्रामीणों के साथ यह बर्बरता कथित रूप से अवैध बॉक्साइट उत्खनन के आरोप में की गई। एसडीएम की मारपीट से ▶▶|शेष पेज 6 पर

बलरामपुर जिले के हंसपुर गांव में कुसमी एसडीएम और नायब तहसीलदार पर तीन ग्रामीणों के साथ मारपीट का आरोप लगा है। इस घटना में घायल एक ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने जांच के बाद चार आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया। एसडीएम करूण डहरिया, विक्की सिंह उर्फ अजय प्रताप सिंह, मंजीत कुमार यादव और सुदीप यादव को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### भड़का आक्रोश किया चक्काजाम

एसडीएम व उसके गुर्गों द्वारा की गई हैवानियत से बुजुर्ग की मौत व दो ग्रामीणों के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी मिलने के बाद जिलेभर में हडकंप मच गया। घटना के बाद नागरिकों के साथ ही आदिवासी समाज, कांग्रेस के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने इस घटना को लेकर धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। लोगों की मांग थी कि मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो। ग्रामीण की हत्या करने वाले एसडीएम के मकान पर भी बुलडोजर चलाया जाए।





करूण डहरिया एसडीएम





### किया गया है गिरफ्तार

ग्रामीण की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी एसडीएम समेत सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य है। **-वैभव बैंकर रमनलाल**, एसपी, बलरामपुर

### संतुलित मानसिकता के साथ चलना अनिवार्यः टीएस

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि जब आपको अधिकार मिलते हैं, खासकर कार्यपालिका के, तो उनको एक संतुलित मानसिकता से लेकर चल पाना कभी कभी कुछ लोगों के लिए बहुत कठिन महसूस होने लगता है, मनमानी करने लगते हैं। ये वही अधिकारी है, जिन्होंने धान खरीदी के समय बनी बनाई मुख्य सड़क जेसीबी से खुदवा दी कि गाड़ी इधर से उधर ना जाए। इस प्रकार के मनमानी की अगर मानसिकता है तो कहीं ना कहीं बड़ी चूक होने की पूरी संभावना रहती है। हर प्रशासनिक अधिकारी को एक संतुलित मानसिकता रखना अनिवार्य होता है क्योंकि उनके पास कार्यपालिका की शक्तियां होती हैं।



भारतमाता के जयकारे के साथ स्मारक ध्वस्त

# माओवादियों के स्मारकों पर चला बुलडोजर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले में किस्टाराम इलाके में बने नक्सलियों के स्मारकों पर एक बार फिर बुलडोजर चलाकर जमीदोंज कर दिया गया है। भारतमाता के जयकारे के साथ ग्रामीणों की मौजूदगी में मारे गए शीर्ष नक्सलियों के बने स्मारकों को ध्वस्त कर जवानों ने ग्रामीणों के मनोबल को बढ़ाते हुए नक्सलियों के खौफ को कम करने लगातार प्रयास कर रही है। खुफिया इनपुट के बाद यह कार्रवाई सीआरपीएफ 217 व 212 बटालियन के जवानों ने कमांडेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव और विजय शंकर के नेतृत्व में जिला पुलिस के साथ मिलकर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सीआरपीएफ जिंदाबाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे

ग्रामीणों की मौजूदगी में जिस समय स्मारकों को बुलडोजर से गिराया जा रहा था उस दौरान इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय आदिवासियों ने तालियां बजाईं और भारत माता की जयकारे के साथ ही पाकिस्तान मुर्दाबाद व सीआरपीएफ जिंदाबाद के नारे लगाए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि यहां बने स्मारक हमें हमेशा डराते रहते थे। अब हम बेखौफ होकर जी सकेंगे।

युवाओं को सुप्रीम कोर्ट की हिदायत

# शादी से पहले कैसे बना सकते हैं शारीरिक संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सवाल उठाया कि दो लोग शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं? भले ही वह सहमति से हुआ हो। जस्टिस बी वी नागरत्ना और उज्जल भुयान की बेंच शादी का झांसा देकर बलात्कार करने के आरोपी एक आदमी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने शिकायत करने वाली महिला से पूछा कि वह दुबई क्यों गई, जहां दोनों ने फिजिकल रिलेशनशिप बनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह सहमति से हुआ। हम पुराने ख्यालों वाले हो सकते हैं, लेकिन शादी से पहले लड़का और लड़की एक-दूसरे के लिए बिल्कुल अजनबी होते हैं। उन्हें शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने में सावधानी बरतनी चाहिए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा, उनके रिश्ते में चाहे जो भी अच्छा-बुरा हो, हम यह नहीं समझ पा रहे कि वे शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं। शायद हम पुराने ख्यालों के हैं लेकिन आपको ▶▶|शेष पेज 6 पर



### मामला क्या है?

महिला के वकील ने कहा कि दोनों 2022 में एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए मिले थे। आरोपी ने कथित तौर पर शादी का झूठा भरोसा दिलाकर दिल्ली और बाद में दुबई में कई बार उसके साथ फिजिकल रिलेशनशिप बनाया। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा, अगर वह शादी को लेकर इतनी सख्त थी तो उसे शादी से पहले ऐसा नहीं करना चाहिए था। हम उन्हें मीडिएशन के लिए भेजेंगे। ये ऐसे मामले नहीं हैं जिनमें सहमति से रिश्ता होने पर मुकदमा चलाया जाए और दोषी ठहराया जाए।

### शादी का झांसा देकर रेप का आरोप

अपनी शिकायत में, महिला ने आरोप लगाया कि उस आदमी ने उसे दुबई जाने के लिए मनाया, जहां उसने शादी का झूठा वादा करके उसके साथ फिजिकल रिलेशन बनाए, उसकी सहमति के बिना इंटिमेट वीडियो रिकॉर्ड किए और उन्हें सर्कुलेट करने की धमकी दी। बाद में उसे पता चला कि उसने जनवरी 2024 में पंजाब में दूसरी महिला से शादी कर ली थी।

### आरोपी जमानत के लिए पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

निचली अदालत और दिल्ली उच्च न्यायालय ने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि शादी का वादा शुरू से ही झूठा लग रहा था, खासकर इसलिए क्योंकि वह पहले से शादीशुदा था और जनवरी 2024 में उसने दोबारा शादी कर ली थी। आदमी ने अब बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। स्टिस नागरत्ना ने सुझाव दिया कि आरोपी मामले को सुलझाने के लिए महिला को मुआवजा देने पर विचार करे, जबकि बेंच ने उसके वकील से समझौते की संभावना तलाशने को भी कहा। दोनों पक्षों की स्थिति जानने के लिए केस पर बुधवार को सुनवाई होगी।

# पोड़ी में विकास को मिली नई रफ्तारः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के पोड़ी में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात देते हुए 88 करोड़ से अधिक की लागत के 59 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 38 करोड़ से अधिक की लागत के 82 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन विकास परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में अधोसंरचना सुदृढ़ होगी और जनसुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि सड़क, भवन, सामुदायिक सुविधाओं और अन्य आवश्यक अधोसंरचना से जुड़े ये कार्य क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएँ बनाना नहीं, बल्कि उन्हें तेज गति, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारना है।



बहुचर्चित लैंड फॉर जॉब्स घोटाला मामला

# लालू समेत 46 पर आरोप तय, नौ मार्च से शुरू होगा रोजाना ट्रायल

**नई दिल्ली।** बहुचर्चित 'लैंड फॉर जॉब्स' मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव समेत 46 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। सीबीआई की विशेष अदालत ने 9 जनवरी को आदेश पारित करते हुए सभी आरोपियों के विरुद्ध आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत आरोप निर्धारित किए थे। अब मामले में 9 मार्च से 28 मार्च तक प्रतिदिन सुनवाई कर अभियोजन साक्ष्य दर्ज किए जाएंगे। सीबीआई द्वारा दर्ज इस मामले में आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे के विभिन्न ज़ोन में ग्रुप-डी के पदों पर 'सब्स्टीट्यूट' के रूप में नियुक्ति के बदले जमीन या अन्य संपत्ति ली गई। आरोप है कि यह लेन-देन लालू प्रसाद यादव के परिजनों और सहयोगियों के माध्यम से किया गया।



मामले में भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रासंगिक धाराओं के तहत आरोप तय किए गए हैं। विशेष अदालत ने अब मामले को अभियोजन साक्ष्य के लिए 9 मार्च से 28 मार्च 2026 तक प्रतिदिन सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

### पूर्व आईएएस आरके महाजन भी 46 आरोपियों में शामिल

अदालत द्वारा जिन 46 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं, उनमें लालू प्रसाद यादव के अलावा उनके परिवार के पांच सदस्य—राबड़ी देवी, मीसा भारती, तेज प्रताप यादव, तेजस्वी यादव और हेमा यादव शामिल हैं। इसके अतिरिक्त तीन करीबी सहयोगी भोल यादव (तत्कालीन विशेष अधिकारी), आर.के. महाजन (तत्कालीन निजी सचिव) और प्रेम चंद गुप्ता (राज्यसभा सांसद, राजद) का नाम भी आरोपियों में है। एक निजी कंपनी 'ए.के. इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड', जो वर्तमान में लालू परिवार से संबंधित बताई जा रही है, को भी आरोपी बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25



कल्याणकारी योजनाओं से

# संवर रहा श्रमिकों का जीवन

## विगत दो वर्षों में-

- **11.40 लाख** श्रमिकों का पंजीयन
- श्रमिकों के हित से जुड़े **17 नए** प्रशासनिक सुधार
- 29 पुराने श्रम कानून के स्थान पर **4 नई श्रम संहिताएं** लागू
- **71 श्रम** कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से 29 लाख 55 हजार से अधिक श्रमिकों को **₹804.77** की राशि का आबंटन



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

**सुशासन से समृद्धि की ओर**

Visit us : ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

**बिलासपुर**
**मंगलवार 17 फरवरी 2026**
फाल्गुन कृष्ण पक्ष अमावस्या
वर्ष : 25, अंक : 326
पृष्ठ : 10+6+8 =24, मूल्य : 5 .00***

**मौसम**
अधि. 32.9
न्यून. 17.2

**हरिभूमि**
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# कस्टम मिलिंग के बकाये ने तोड़ी राइस मिलर्स की कमर, दो साल का 1000 करोड़ बाकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में राइस मिलरों का पिछले 2-3 वर्षों से कस्टम मिलिंग का लगभग एक हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान बकाया है। विलंब के कारण मिलर्स को धान की मिलिंग में परेशानी हो रही है। मजदूरों को भुगतान और परिवहन के कार्यों के लिए कई मिलर्स को आर्थिक संकट का सामना करना पड रहा है। मिलर्स की हालत खस्ता होने के कारण पुरानी बकाया राशि का जल्द भुगतान के लिए बार बार आग्रह किया जा रहा है। बिलों का भुगतान नहीं होने के कारण नई धान की मिलिंग को लेकर अनिश्चितता के हालात हैं, जिसका सीधा असर धान की मिलिंग पर पड़ सकता है। धान खरीदी पूरी होने के बाद सोसाइटियों में धान जाम होने की एक बड़ी वजह यह भी है।

प्रदेश में करीब 4 हजार मिलर्स हैं, जिनमें 32 सौ मिलर्स मिलिंग कार्य कर रहे हैं। इन मिलरों को वर्ष 2023-24 और 2024-25 के धान की मिलिंग का भुगतान नहीं किया गया है। पिछले साल के बकाये के संदर्भ में बताया गया है कि मिलर्स ने पिछले साल धान का उठाव किया था लेकिन उसका चावल अब तक एफसीआई में जमा ▸▸|शेष पेज 6 पर

## धान खरीदी पूरी होने के बाद भुगतान का मिला है आश्वासन

### अब तक 66 लाख टन का उठाव

प्रदेश में धान खरीदी पूरी होने के बाद मिलर्स ने अब तक 66 लाख टन से अधिक धान का उठाव किया है। धान खरीदी पूरी होने के बाद मिलरों को डीओ जारी किए जा रहे हैं। अब मिलिंग तेजी ये शुरू होगा। उसके पूर्व पिछले साल के धान की मिलिंग का प्रोग्रेस देखकर उन मिलरों का ही उठाव करने का आदेश दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने इस बार 141 लाख टन धान की खरीदी की है।



### एसोसिएशन ने शीघ्र भुगतान की मांग की

राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कांति लाल बोथरा ने बताया कि धान की मिलिंग के एवज में वर्ष 2023-24 और 2024-25 में जिन मिलरों ने मिलिंग किया था उनका करीब 1000 करोढ़ रुपए का भुगतान बाकी है। अभी भी कुछ मिलरों ने पिछले साल की मिलिंग का कार्य पूरा नहीं किया है, उनका भी भगुतान रुका हुआ है। राज्य सरकार से एसोसिएशन ने शीघ्र भुगतान करने की मांग की है। राज्य सरकार ने धान खरीदी पूरी होने के बाद भुगतान की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया है।

### *कस्टम मिलिंग दर 80 रुपए प्रति क्विंटल*

*छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान की कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन राशि प्रति क्विंटल 80 रुपये अरवा और 40 रुपए उसना के लिए तय की गई है। यह राशि मिलर्स को धान के उठाव और चावल जमा करने के लिए दी जाती है। यह दरें धान मिलिंग की लागत, बिजली, और श्रम के आधार पर राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाती हैं।*

### *पूरे धान के निराकरण के बाद भुगतान*

*मिलर्स को राज्य शासन द्वारा भुगतान किए जाने की नीति में कहा गया है कि मिलर्स द्वारा उठाए गए संपूर्ण धान का निराकरण होने पर ही भुगतान किया जाता है। वर्ष 2023-24 का भुगतान धान खरीदी से पूर्व किए जाना था। पेमेंट की पूरी व्यवस्था न होने के कारण नहीं हो पाया। वहीं 2024-25 का पूरे धान का निराकरण नहीं होने के कारण इसका भुगतान नहीं हो पाया है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी 25 और 26 को जाएंगे इजरायल

**यरुशलम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 और 26 फरवरी को दो दिवसीय इज़रायल दौरे पर रहेंगे। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को संपन्न 'कॉन्फ्रेंस ऑफ प्रेसिडेंट्स ऑफ मेजर अमेरिकन ज्यूइश ऑर्गनाइजेशंस' को संबोधित करते हुए मोदी की यात्रा की घोषणा की। नेतन्याहू ने कहा, संसद में संबोधन प्रस्तावित है। अगले सप्ताह यहां कौन आ रहे हैं? नरेन्द्र मोदी।

### राजपाल की सजा 18 मार्च तक स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अभिनेता राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में 18 मार्च तक राहत दी है। अदालत ने उनकी सजा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है, जिससे वह जेल से बाहर आ सकेंगे। यह फैसला सोमवार को सुनाया गया, जब न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने मामले की सुनवाई की।

### ट्रक पलट कर दो बाइक पर गिरा, चार की मौत

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला में सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। दो मोटरसाइकिल उसकी चपेट में आ गईं जिससे चार लोगों की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, ट्रक दिल्ली से चंडीगढ़ की ओर जा रहा था। आशंका है कि कोहरे के कारण ट्रक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया होगा जिससे ट्रक पलट गया। घटना अंबाला से दो किलोमीटर पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाहपुर स्थित टांगरी पुल के पास हुई।

जिससे सड़क मार्ग कुछ समय के लिए अवरुद्ध हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया गया। ट्रक उठाने के बाद उसके नीचे दबे हुए दो शव मिले, जबकि दो अन्य शव वाहन के किनारे पड़े थे। इस हादसे के कारण अंबाला में दिल्ली-अंबाला राजमार्ग खंड पर दूर तक यातायात बाधित हो गया।

### वीडियोकॉन के संस्थापक धूत समेत 12 को नोटिस

**नई दिल्ली।** ईडी ने सोमवार को कहा कि दिल्ली की एक अदालत ने वीडियोकॉन समूह के प्रवर्तक वेणुगोपाल धूत और 12 अन्य कंपनियों को नोटिस जारी किया। यह कार्रवाई कंपनी की मोजाम्बिक स्थित तेल एवं गैस परिसंपत्तियों के वित्तपोषण से जुड़े कथित 61,700 करोड़ रुपये के बैंक ऋण घोटाले के मामले में दायर उसके आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के बाद की गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि आरोपपत्र 18 दिसंबर, 2024 को दायर की गई थी।

राउज एवेन्यू स्थित विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम अदालत ने 10 फरवरी को संज्ञान लिया। इसमें कहा गया कि अदालत ने धन शोधन के अपराध का संज्ञान लिया है। 13 आरोपियों के खिलाफ नोटिस जारी किए हैं।

## 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो' का आगाज, खेती, पढ़ाई और सेहत पर फोकस

# भारत की नई डिजिटल कूटनीति, मोदी बोले- देश एआई से आ रहे बदलाव के क्षेत्र में अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

भारत मंडपम में 16 फरवरी से लेकर 20 फरवरी तक ये 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' चलेगा। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में एआई की सुरक्षा, गवर्नेंस, नैतिक उपयोग, डेटा सुरक्षा और सॉवेरन एआई के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद प्रदर्शनी में हिस्सा ले रही स्टार्टअप कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया और प्रदर्शनी में शामिल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। यह आयोजन एआई के क्षेत्र में नवाचार, निवेश और सहयोग के अवसरों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। यह ▸▸|शेष पेज 6 पर

■ पीएम मोदी ने स्टार्टअप कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ किया संवाद


इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का सोमवार से आगाज हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी गतिविधियों पर केंद्रित प्रदर्शनी 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो' का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न स्टॉल्स पर जाकर एआई की तकनीकी प्रगति देखी और स्टार्टअप्स, कंपनियों के प्रतिनिधियों से जानकारी ली। उद्घाटन

### दुनिया को एक साथ लाने की कोशिश

इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एआई पर चर्चा करने के लिए दुनिया को एक साथ ला रहे हैं! आज से, भारत दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी कर रहा है।

### समिट में 13 देशों के पविलियन

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 में एआई सिस्टम में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करने वाले 13 देशों के पवेलियन भी होंगे।




### हर छठे इंसान की समस्या सुलझा रहा एआई

नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट शुरू हो गया है। इस बार चर्चा सिर्फ एआई के खतरों तक सीमित नहीं है। इस बात पर है कि एआई का फायदा गरीब और मध्यम वर्ग तक कैसे पहुंचे। आंकड़े बताते हैं कि एआई दुनिया के हर छठे व्यक्ति की समस्या को सुलझा रहा है। नई तकनीक को अपनाने में भारतीय बहुत आगे हैं।

### आकाश अंबानी ने दिखाई तकनीक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो में जियो के पवेलियन का दौरा किया। वहां उन्होंने आकाश अंबानी से मलिकर जियो की ओर से एआई के क्षेत्र में किए जा रहे कामों को जाना।

### सरकार लाएगी नया मिशन

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार जल्द ही 'क्रिएट इन इंडिया' मिशन लॉन्च करने जा रही है, जिसका फोकस उद्योग, रोजगार और भविष्य की जरूरतों पर होगा।

### 600 से अधिक स्टार्टअप्स दिखाएंगे इनोवेशन

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में 600 से ज्यादा हाई-कैपेसिटी स्टार्टअप्स हिस्सा ले रहे हैं, जिन्होंने अपने ऐसे समाधानों को प्रदर्शित किया, जो वास्तविक दुनिया में पहले से उपयोग में हैं।

## जेईई मेन्स में 12 अभ्यर्थियों ने हासिल किए 'परफेक्ट 100'

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मुख्य 2026 में 12 अभ्यर्थियों ने 'परफेक्ट 100' अंक प्राप्त किए हैं, जिनमें से अधिकांश राजस्थान से हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को यह घोषणा की। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 13.04 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। जिन प्रतिभागियों ने एनटीए में 'परफेक्ट 100' अंक प्राप्त किए हैं, उनमें से तीन राजस्थान से, दो आंध्र प्रदेश से और एक-एक दिल्ली, बिहार, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात और तेलंगाना से हैं। ये सभी 12 अभ्यर्थी लड़के हैं।

■ पहले चरण के नतीजे

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, एनटीए स्कोर ऐसे सामान्यीकृत अंक हैं जो कई पालियों में आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्रों में समान रूप से मापने के लिए तैयार किए जाते हैं। ये अंक उस पाली में परीक्षा देने वाले सभी उम्मीदवारों के सापेक्ष प्रदर्शन के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं। प्रत्येक पाली में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंक 0 से 100 तक के पैमाने में परिवर्तित किए जाते हैं। एनटीए अंक प्राप्त अंकों के प्रतिशत के समान नहीं होते।

### जेईई मेन्स सेशन-2 अप्रैल में

जो उम्मीदवार सेशन-1 में क्वालीफाई नहीं हो पाएंगे, वे जेईई मेन्स सेशन-2 दे सकते हैं। जेईई मेन्स 2026 सेशन 2 की परीक्षाएं 2 अप्रैल से 9 अप्रैल, 2026 के बीच कई शिफ्ट में होंगी। सिटी अलॉटमेंट स्लिप और एडमिट कार्ड परीक्षा से कुछ सप्ताह पहले जारी किए जाएंगे। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा और परीक्षा की डिटेल्स, जैसे तारीख, समय और सेंटर, ध्यान से चेक करनी होंगी।

**नहीं मिला कुछ भी संदिग्ध**

## 34 स्कूलों को बम की धमकी भरे मेल, हड़कंप



**अहमदाबाद/वडोदरा।** गुजरात के अहमदाबाद और वडोदरा के 34 से अधिक स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले, जिसके बाद परिसरों को खाली करा लिया गया है और तलाश अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही बम तलाश एवं निष्क्रिय दस्ते (बीडीडीएस) की टीम तलाश अभियान के लिए तुरंत मौके पर पहुंचीं और काम शुरू कर दिया।

### खालिस्तान के नाम से मेल

स्कूलों को आया ईमेल खालिस्तान आतंकियों के नाम से भेजा गया है। पहले भी अहमदाबाद और वडोदरा के स्कूलों को इस तरह के मेल आ चुके हैं। वडोदरा शहर पुलिस कमिश्नर नरसिम्हा कोमार ने स्कूलों की सुरक्षा के आदेश दिए हैं। सुबह सबसे पहले तीन स्कूलों को ईमेल की जानकारी मिली, लेकिन बाद में यह संख्या बढ़कर 18 तक पहुंच गई।

**मुंबई में मिलेंगे मोदी और मैक्रों**

## भारत-फ्रांस रक्षा साझेदारी के लिए आज बड़ा दिन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूद चुनौतियों के इस जटिल दौर में मंगलवार (17 फरवरी) का दिन भारत और फ्रांस के आपसी सहयोग और रक्षा साझेदारी के लिए किसी ऐतिहासिक दिन से कम नहीं होगा। जिसके केंद्र में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित मुंबई और बेंगलुरु जैसे देश के दो बड़े महानगर रहेंगे। दिल्ली में भारत की मेजबानी में होने वाले 'वैश्विक ▸▸|शेष पेज 6 पर

### मुंबई की पहली बार यात्रा करेंगे मैक्रों

फ्रांस के राष्ट्रपति का भारत का ये आधिकारिक दौरा 17 फरवरी से शुरू होकर 19 फरवरी को समाप्त होगा। जिसमें उनके साथ फ्रांस की फर्स्ट लेडी यानी राष्ट्रपति मैक्रों की धर्मपत्नी ब्रिगिट मैक्रों भी शामिल होंगी। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में दोनों राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही दोनों नेता अपनी वार्ता के दौरान रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

## छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि के लिए पूजापाठ करेंगे स्वामी कैलाशानंद



रायपुर। डॉक्टर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज सोमवार की रात को राजधानी रायपुर पहुंचे। माना विमानतल पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने स्वामी कैलाशानंद जी की अगवानी की। श्री अग्रवाल के साथ ही नितिन अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, नलनेश ठोकने, बॉबी शाह सहित कई लोगों ने उनका स्वागत किया। मंगलवार की शाम से उनका गौरीशंकर अग्रवाल के निवास पर पूजा पाठ का आयोजन किया गया है। इसमें वे छत्तीसगढ़ की सुख, शांति और समृद्धि के लिए पूजा करेंगे। साथ ही शाम को छत्तीसगढ़ के लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद भी प्रदान करेंगे।

**राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी कस्बे की घटना**

# अवैध पटाखा फैक्ट्री में आग, जिंदा जल गए सात मजदूर

एजेंसी ▸▸| जयपुर

राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी कस्बे में सोमवार को आतिशबाजी बनाने वाली एक अवैध फैक्ट्री में आग लगने से सात लोगों की जलकर मौत हो गई और दो लोग अंदर फंसे रह गए। यह एक परिधान फैक्टरी थी, लेकिन अंदर अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। फैक्ट्री में देर रात तक दो लोग फंसे हुए थे। यह हादसा भिवाड़ी के खुशखेड़ा-करोली औद्योगिक क्षेत्र में हुआ। पारीक ने कहा, परिसर को परिधान फैक्टरी के नाम पर किराए पर लिया गया था, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार अंदर अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी नियमित गश्त के दौरान मिली, इसके बाद तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया। जिला कलेक्टर आर्टिका शुक्ला और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। शुक्ला ने ▸▸|शेष पेज 6 पर



**पीएम मोदी ने शोक जताया** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर मोदी के हवाले से कहा कि राजस्थान के भिवाड़ी में आग लगने की घटना, दुखद और बेहद अफसोसजनक है।

### फैक्ट्री में मौजूद थे 20 से अधिक लोग

प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार फैक्ट्री में 20 से अधिक लोग मौजूद थे। आग लगते ही कई मजदूर बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि नौ लोग अंदर फंस गए। इनमें से सात लोग जलकर मर गए। डेढ़ घंटे से अधिक समय बाद आग पर काबू पाया गया। कुछ अस्थियां भी बरामद हुईं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला प्रशासन को तुरंत राहत और बचाव कार्य करने के निर्देश दिए और वन मंत्री संजय शर्मा को अलवर भेजा।

## भूपेन का इस्तीफा अस्वीकार, हिमंता ने कहा-खुले हैं भाजपा के दरवाजे

**गुवाहाटी।** असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया, हालांकि पार्टी आलाकमान ने उनके त्यागपत्र को अस्वीकार कर दिया तथा उन्हें दल में बने रहने के लिए मना लिया। उन्होंने अपना त्यागपत्र कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजा था, जिसमें उन्होंने उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि बोरा के लिए भाजपा के दरवाजे खुले हैं। शर्मा ने यह भी कहा कि अगर बोरा भाजपा में शामिल होते हैं, तो वह उन्हें किसी 'सुरक्षित सीट' से चुनाव जितवाने की कोशिश करेंगे। असम में अगला विधानसभा चुनाव इस वर्ष मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। बोरा के त्यागपत्र की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के असम प्रभारी जितेंद्र सिंह, पार्टी की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने उनसे उनके आवास पर मुलाकात की। बोरा को मनाने के क्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी उनसे फोन पर बात की। जितेंद्र सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के हस्तक्षेप के बाद बोरा ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने कहा, भूपेन जी हमारे बहुत ही वरिष्ठ नेता हैं। परिवार के अंदर कभी-कभी मनमुटाव हो जाता है। लेकिन यह हमारा आंतरिक मामला है। भूपेन जी ने असम की जनता के लिए लड़ाई लड़ी है और कांग्रेस में लंबा राजनीतिक जीवन बिताया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उनसे (इस्तीफा वापस लेने का) आग्रह किया।

■ असम कांग्रेस में घमासान

## चिंतन

# भारतीय वायुसेना को नई मजबूती देगी राफेल डील

भारत और फ्रांस के बीच प्रस्तावित 114 राफेल लड़ाकू विमानों की डील केवल एक रक्षा खरीद नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की सामरिक सोच का संकेत है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान जिस 3.60 लाख करोड़ रुपये के संभावित समझौते पर चर्चा हो रही है, वह भारतीय वायुसेना की क्षमताओं में गुणात्मक बढ़ोतरी कर सकता है। दो मोर्चों चीन और पाकिस्तान की चुनौती के बीच यह सौदा रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास करीब 29 स्क्वाड्रन ऑपरेशनल हैं, जबकि आधिकारिक मंजूरी 42.5 स्क्वाड्रन की है। यानी लगभग 13 स्क्वाड्रन की कमी पहले से ही चिंता का विषय है। आने वाले दशक में जगुआर, मिग-29 और मिराज-2000 जैसे विमानों के चरणबद्ध सेवानिवृत्त होने से यह अंतर और बढ़ सकता है। ऐसे में नई पीढ़ी के अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता स्पष्ट है। राफेल पहले ही अपनी उपयोगिता सिद्ध कर चुका है। हालिया अभियानों में इसकी लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल क्षमता, अत्याधुनिक रडार और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम ने वायुसेना को सामरिक बढ़त दिलाई है। वर्तमान में भारत के पास एफ-3 मानक के राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान माने जाते हैं। प्रस्तावित डील के तहत एफ-4 और बाद में एफ-5 श्रेणी के 'सुपर राफेल' मिलने की संभावना है। यूरोपीय मानकों के अनुसार एफ-5 को छठी पीढ़ी के जेट की श्रेणी में रखा जा रहा है। यदि यह समयसीमा के अनुसार 2030 के बाद मिलते हैं, तो भारत फ्रांस के बाद इन अत्याधुनिक विमानों का प्रमुख ऑपरेटर बन सकता है। इस डील का एक और महत्वपूर्ण पहलू 'मेक इन इंडिया' है। कुल 114 विमानों में से 18 सीधे उड़ान-योग्य अवस्था में मिलेंगे, जबकि 96 का निर्माण भारत में होगा। इनमें लगभग 60 प्रतिशत कलपुर्जों का स्वदेशीकरण प्रस्तावित है। इससे भारतीय एयरोस्पेस उद्योग को नई गति मिलेगी, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और हजारों रोजगार सृजित होंगे। रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक निर्णायक कदम साबित हो सकता है। हालांकि, कुछ सवाल भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। चीन पहले ही छठी पीढ़ी के विमानों के विकास में आगे बढ़ चुका है। ऐसे में भारत को केवल प्लेटफॉर्म खरीदने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास पर भी समान बल देना होगा। क्या 42.5 स्क्वाड्रन का लक्ष्य अगले दशक में पूरा हो पाएगा? क्या समय पर आपूर्ति और लागत नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सकेगा? ये वे प्रश्न हैं जिन पर सरकार और रक्षा प्रतिष्ठान को पारदर्शिता के साथ काम करना होगा। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी रक्षा सहयोग से कहीं व्यापक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच वार्ता केवल विमानों की खरीद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उभरती प्रौद्योगिकियों, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक भू-राजनीति पर भी केंद्रित होगी। कुल मिलाकर 114 राफेल की संभावित डील वायुसेना के लिए 'ऑक्सीजन' साबित हो सकती है, लेकिन इसे दीर्घकालिक सामरिक दृष्टि से जोड़ना आवश्यक है। मजबूत वायुशक्ति केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि शांति और संतुलन की गारंटी भी होती है।



मुद्दा
रोहित माहेश्वरी

20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। अब साइबर अपराधी कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। इनके पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। एआई ने साइबर अपराध को पहले से कहीं ज्यादा संगठित तेज और खतरनाक बना दिया है। वैसे भी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की संख्या और कंटेंट की मात्रा इतनी अधिक है कि केवल नियमों के सहारे नियंत्रण करना आसान नहीं होगा। इसके लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को मजबूत, प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करना और उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना आवश्यक है।

# अब एआई कंटेंट की होगी बेहतर निगरानी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने जहां दुनिया को तेज और स्मार्ट बनाया है, वहीं इसके दुरुपयोग ने भी गंभीर चिंता पैदा कर रखी है। डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और एआई जनित भ्रामक सामग्री न केवल लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि साइबर ठगी और सामाजिक भ्रम का कारण भी बन रही हैं। इन खतरों के मद्देनजर केंद्र सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में किए गए हालिया संशोधन को डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है। आगामी 20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। नए प्रावधानों के तहत एआई कंटेंट में स्थायी मेटाडेटा और डिजिटल पहचान चिह्न जोड़ने की अनिवार्यता भी तय की गई है, ताकि ऐसे कंटेंट की पहचान आसानी से की जा सके। यह बदलाव डिजिटल पारदर्शिता और नागरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल, जैसे कि चैटजीपीटी की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड बनाए जा सकते हैं। इस रिपोर्ट ने एआई के संभावित दुरुपयोग की क्षमता के बारे में नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। एक नए सर्वे में 51 फीसदी बिजनेस लीडर्स ने इसे प्राथमिक जोखिम माना। 'फिक्की-ईवाय रिस्क सर्वे 2026' की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इसमें डिजिटल युग के बढ़ते खतरों पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी जोखिम अब सीधे कंपनी के कामकाज से जुड़ गए हैं। सर्वे के अनुसार, 61 फीसदी लोग साइबर हमलों से डरे हुए हैं। डेटा चोरी और धोखाधड़ी को 57 फीसदी ने बड़ा जोखिम माना। लगभग 47 फीसदी कंपनियां इन आधुनिक खतरों से निपटने में नाकाम हैं। साइबर हमलों से कंपनियों की प्रतिष्ठा और वित्त पर असर पड़ता है। डिजिटल बदलाव कंपनियों की प्रतिस्पर्धी स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं। यह सर्वे 137 सीईओ और सीनियर डिसीजन-मेकर्स पर आधारित है। इसमें 21 फीसदी प्रतिभागी टेक्नोलॉजी सेक्टर से थे। प्रोफेशनल सर्विसेज दूसरे नंबर पर। साइबर अटैक अब सिर्फ आईटी मुद्दा नहीं। यह ऑपरेशनल कंटिन्यूटी से जुड़ा है। 61 फीसदी लीडर्स मानते हैं कि साइबर हमले वित्तीय और रेपुटेशनल खतरा हैं। तेज टेक्नोलॉजिकल बदलावों को 61 फीसदी कंपनियां प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाला मान रहे हैं। सर्वे के अनुसार, आज के दौर में एआई एक 'दोधारी तलवार' बन गया है। करीब 60 फीसदी विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी पिछड़ापन घातक है। सही समय पर नई तकनीक न अपनाना नुकसानदेह हो सकता है। वहीं, 54 फीसदी लोग एआई के एथिकल और गवर्नेंस संबंधी जोखिमों से चिंतित हैं। इन जोखिमों का प्रबंधन अभी भी प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा है। ग्लोबल साइबरपीस समिट 2026 में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार 2024–2025 के दौरान दर्ज साइबर हमलों में एआई और ऑटोमेशन का व्यापक इस्तेमाल देखने को मिला है। अब साइबर अपराधी किसी छोटे गैंग की तरह नहीं, बल्कि कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और भारत के कुछ हिस्सों से संचालित ये नेटवर्क अलग-अलग विभागों में बंटे हुए हैं। इन गिरोहों



के पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। ये टीमें टेक्नोलॉजी की कमियों और इंसानी व्यवहार की कमजोरियों को खोजकर उनका फायदा उठाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में साइबर अपराध से दुनिया को लगभग 10.8 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान था, जो इस साल करीब 12 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कई अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंकों का दावा है कि अब लगभग 80 प्रतिशत साइबर हमलों में किसी न किसी रूप में एआई की भूमिका है। एआई का इस्तेमाल अब डीपफेक तकनीक में भी हो रहा है।

डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में अपराधी किसी प्रसिद्ध पुलिस अधिकारी का चेहरा और आवाज नकली तरीके से दिखाकर पीड़ित को डराते हैं, जिससे वह खुद को असली अधिकारी से बात करते हुए समझता है। साइबर अपराध में अब ट्रिपल एक्सटॉर्शन मॉडल भी सामने आया है। इसमें पहले रैनसमवेयर से डेटा लॉक किया जाता है फिर उसे लीक करने की धमकी देकर पैसे वसूले जाते हैं। इसके अलावा क्राइम-एस-ए-सर्विस का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ रहा है। इसमें संगठित गिरोह उन लोगों को भी अपराध की सुविधा देते हैं जिनके पास तकनीकी जानकारी नहीं होती। यानी पैसे दो और तैयार साइबर क्राइम सेवा लो। इस तरह के मामलों में कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारी तक ठगी का शिकार हो चुके हैं। साफ है कि एआई ने साइबर अपराध को पहले से कहीं ज्यादा संगठित तेज और खतरनाक बना दिया है। वर्तमान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के तो कई तरीके मौजूद हैं, लेकिन इन्हें किस हद तक इस्तेमाल में लाया जाना चाहिए, इसके लिए नियम-कानूनों का अभाव है। हमारा देश और दुनिया भी एआई के बढ़ते कदमों और उसके प्रभावों को लेकर गंभीर है। इसी क्रम में दिल्ली के भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आगाज हो रहा है। 20 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ में दुनिया की 300 से ज्यादा कंपनियां भविष्य की तकनीक दिखाएंगी। खेती से लेकर सेहत तक, एआई आपकी जिंदगी को कैसे आसान बनाएगा, इसकी पूरी झलक यहां देखने को मिलेगी। आईटी के नए नियमों का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि अब एआई से बने कंटेंट को छिपाना आसान नहीं रहेगा। लेबलिंग व डिजिटल पहचान चिह्न से आम व्यक्ति यह समझ सकेगा कि उसके सामने मौजूद सामग्री वास्तविक है या तकनीक से तैयार की गई है। इससे सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक अभियानों पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। चुनाव, सामाजिक मुद्दों और संवेदनशील घटनाओं के दौरान यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को भी सुरक्षित रखने में सहायक होगी, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। इन तमाम बातों के बीच सवाल यह भी है कि सिर्फ नियम-कायदे बनाना ही काफी नहीं, बल्कि इन्हें सख्ती से लागू करना भी जरूरी है। वैसे भी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की संख्या और कंटेंट की मात्रा इतनी अधिक है कि केवल नियमों के सहारे नियंत्रण करना आसान नहीं होगा। इसके लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को मजबूत करना, प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करना और उल्लंघन की स्थिति में त्वरित दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना आवश्यक है। क्योंकि यदि नियमों का पालन ढीला रहा, तो इनका उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। इसके साथ ही नागरिकों में डिजिटल साक्षरता बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है।

लोगों को यह समझना होगा कि हर वायरल वीडियो या तस्वीर सत्य नहीं होती। जागरूक उपयोगकर्ता ही फेक कंटेंट की श्रृंखला को तोड़ सकता है। सरकार, सोशल मीडिया कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। भ्रमजाल फैलने से रोकने के लिए सरकार और समाज दोनों के साझा प्रयासों की दरकार है। साझे प्रयासों से ही एआई का सकारात्मक लाभ हम उठा सकते हैं। वरना हमारी सुविधा के लिए बनी तकनीक हमारे लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



मसानी अम्मन मंदिर मसानी देवी को समर्पित एक मंदिर है, जिन्हें शक्ति देवी के नाम से भी जाना जाता है। यह कोयंबटूर जिले के अन्नामलाई के पंचायत शहर में स्थित है, इसे अरुलमिगु मसानी अम्मन मंदिर या अन्नामलाई मसानी अम्मान मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर बेहद ही आध्यात्मिक है, जिस वजह से लोग यहां खिचे चले आते हैं।

सरोकार
योगेंद्र माथुर



# शादी ब्याह में आर्थिक संपन्नता के प्रदर्शन की होड़, अन्न का अपमान

विगत दिनों जब शादी-ब्याह का सिलसिला पुनः चालू हुआ तो मुझे भी एक के बाद एक कई शादियों में शामिल होने का सुअवसर प्राप्त हुआ। शादी-ब्याह की इस धूमधाम में जाहिर है हमेशा की तरह ही ऐश्वर्य और विलासिता के भरपूर दर्शन हुए। 'तेरी कमीज मेरी कमीज से सफेद कैसे?' की तर्ज पर होने वाली होड़ में आयोजक अपनी क्षमता से अधिक पैसा खर्च करते नजर आए। परिणय स्थल यथा- गार्डन, धर्मशाला, लॉज-होटल की चमक बढ़ाने की गरज से टेंट व विद्युत साज-सज्जा पर पैसा पानी की तरह बहता दिखाई दिया। समारोह पांडाल की साज-सज्जा तो ठीक भोजन को भी अपनी सामर्थ्य के प्रदर्शन का माध्यम बना लिया गया हो, ऐसा लगा। भोजन में कुछ नया या नई वैरायटी परोसने की होड़ में निर्मित व्यंजनों का आंकड़ा 56 के भी पार जाता नजर आया। सभी व्यंजनों के नाम तो शायद आयोजक को भी मालूम नहीं होंगे। अब भला खाने वाले 4-5 व्यंजनों से अधिक का स्वाद चख पाएं, न चख पाएं या फिर प्लेट में छोड़ते नजर आएं, आयोजक की आर्थिक संपन्नता का प्रदर्शन तो हो ही गया। कहने या बताने की आवश्यकता नहीं कि ऐसे शादी समारोह में धन के साथ अन्न का भी अपव्यय होना तय है। आप सोचिए, क्या कोई मेहमान चाहकर भी भोजन के अपव्यय को रोक पाएगा? समझदारी दिखाकर वह इतने अधिक पकवानों में से कुछ का स्वाद न भी चखे अथवा प्रत्येक पकवान का एक या आधा टुकड़ा ले तो भी कुछ मात्रा में ही सही भोजन का अपव्यय निश्चित है। हालांकि सभी मेहमानों से इतनी समझदारी की उम्मीद लगाना भी बेमानी ही होगा। हमारे देश में जब से 'बुफे' संस्कृति का विस्तार हुआ है, भोजन का अपव्यय भी बढ़ा है। इसमें बुफे संस्कृति की बुराई जैसी कोई बात नहीं है। कमी हममें ही है क्योंकि इसके सही तौर-तरीकों के पालन के संस्कार हमारे यहां नहीं पनप पाए हैं। प्रायः शादी समारोह में यही देखने में आता है कि लोग प्लेट में खाना लेते समय, बाद में मिलेगा या बचेगा कि नहीं की सोच के चलते अपनी प्लेट में एक साथ अधिकाधिक खाद्य सामग्री रख तो लेते हैं किंतु बाद में अधिकांश लोग 'जूठन' के रूप में छोड़ देते हैं। ऐसी स्थिति में 56 या अधिक पकवान बन जाएं तो भोजन की बर्बादी को कौन रोक सकता है? हमारी संस्कृति में अन्न के एक-एक दाने का महत्व बताया गया है और अन्न को देवतुल्य माना गया है। ऐसी स्थिति में शादी समारोह में भोजन का 'जूठन' के रूप में फिकना क्या अन्न का तिरस्कार या देवता का अपमान नहीं है? जिस देश में बच्चे भुखमरी व कुपोषण का शिकार बन कर असमय दम तोड़ रहे हों, उस देश में अन्न को अपनी सम्पन्नता के प्रदर्शन का माध्यम बनाना कहां तक उचित है? वैवाहिक आयोजनों के माध्यम से दूसरों की अपेक्षा अपने को कहीं अधिक बड़ा, समर्थ, सक्षम व सम्पन्न बताने की यह अंधी होड़ निश्चित ही बेहद खतरनाक है। उधार का घी पीकर अपनी सम्पन्नता दर्शाने की प्रवृत्ति तो निश्चित ही व्यक्ति, परिवार व समाज को पतन की ओर ले जाने वाली है। वर्तमान चार दिन की चकाचौंध भविष्य को गहरे अंधकार में धकेलने वाली है। अंधानुकरण की इस होड़ से हमें समाज को बचाना होगा और यह हम तभी कर पाएंगे या समाज को कोई संदेश दे पाएंगे, जब हम अपने से ही इसकी शुरुआत करेंगे। बेहतर होगा कि हम हमारे घर-परिवार में होने वाले वैवाहिक आयोजन सादगीपूर्ण व गरिमा के साथ आयोजित करें और विवाह समारोह की चकाचौंध पर होने वाले खर्च से 'परिणय-सूत्र' में आबद्ध हो रहे जोड़े के भविष्य को रोशन करें।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आनंद आपके भीतर है, बाहर खोजने की जरूरत नहीं



संकलित
दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं। जहां जाएंगे, वहां ले जा सकते हैं।

## रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग**

कुछ कथित उच्च शिक्षित, जाहिल, गंवार लोग जब सार्वजनिक रूप से (विशेषकर सोशल मीडिया पर) सड़कछाप व्यवहार करने लगते हैं तो ऐसे मूर्ख लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसी क्षण खत्म हो जाती है। कला और विचार प्रकट करने की आजादी के नाम पर किसी को भी देश, समाज में अश्लीलता फैलाने के उपद्रव को दुनिया का कोई भी सभ्य-सुसंस्कृत संविधान कभी कोई स्वतन्त्रता प्रदान नहीं करता। ऐसे सर्वथा अवांछित, अप्रिय, समाज विरोधी कार्य करने वालों का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन करने वाले सभी आधुनिक मनोरोगी भी उतने ही बड़े अपराधी माने जाने चाहिए। सिर्फ मजाक के नाम पर ही नहीं, कई बार गंभीर मुद्रा में प्रदर्शन करते हुए भी कुछ पॉडकास्ट पर दुर्जन लोग गंदी, अश्लील, अभद्र, अशोभनीय बातें करते हैं। आजादी का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए। *– संदीप सरकार, बिलासपुर*

## करंट अफेयर


# महिला के गरिमा को ठोस एनआरआई को मिली जेल

सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उसके खिलाफ आपराधिक बल प्रयोग करने के जुर्म में पांच महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार में सोमवार को प्रकाशित खबर में यह जानकारी दी गई। खबर के मुताबिक, शुक्रवार को सजा के एलान के दौरान अदालत ने कहा कि 42 वर्षीय ओम कुमार राय ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। खबर में कहा गया है कि अदालती दस्तावेज से पीड़िता का नाम और घटनास्थल का विवरण हटा दिया गया है। इसमें बताया गया है कि राय 22 वर्षीय पीड़िता के पिता का सहकर्मी है और वह 17 जून 2025 को तड़के पीड़िता से मिलने पहुंचा था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, राय पीड़िता को बातचीत के बहाने एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ छेड़खानी की। अभियोजन पक्ष ने बताया कि पीड़िता राय को धक्का देकर उसके चंगुल से भागने में सफल रही और अपने माता-पिता को घटना से अवगत कराया, जिसके बाद उन्होंने उसी दिन सुबह नौ बजे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अभियोजकों ने राय को पांच से छह महीने की जेल की सजा देने का अनुरोध किया था।



## ऑफ बीट

# नियमित व्यायाम डिमेंशिया से बचाव में है कारगर



जैसे-जैसे डिमेंशिया के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, वैसे-वैसे रोकथाम के उपाय जानने की दिलचस्पी में भी इजाफा हो रहा है। मीडिया में आई खबरों में नियमित व्यायाम, स्वस्थ खानपान, दिमागी कसरत और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी को डिमेंशिया के जोखिम में कमी लाने के लिए कारगर बताया गया है। डिमेंशिया तंत्रिका-तंत्र से जुड़ा एक विकार है, जिसमें याददाश्त, सोचने-समझने एवं फैसले लेने की शक्ति और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। अल्जाइमर (मस्तिष्क के अंदर और उसके आसपास की कोशिकाओं में एमिलॉयड नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) को डिमेंशिया का सबसे आम स्वरूप माना जाता है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर 'वैस्कुलर डिमेंशिया' (मस्तिष्क में खून का प्रवाह धीमा पड़ने के कारण होने वाला डिमेंशिया) और 'लेवी बॉडी डिमेंशिया' (मस्तिष्क में 'लेवी बॉडी' नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) के मामले भी सामने आते हैं। डिमेंशिया में तंत्रिका-तंत्र की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे उनमें संचार की प्रक्रिया प्रभावित होती है और व्यक्ति को भ्रम, भूलने की बीमारी और व्यवहार में बदलाव की शिकायत सता सकती है।

## ट्रेंड

### देश तेजी से प्रगति कर रहा



यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के लिए दुनियाभर से लोग भारत आ रहे हैं। इससे हमारे युवाओं के सामर्थ्य का भी पता चलता है। यह अवसर इस बात का भी प्रमाण है कि हमारा देश विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### दिल्ली की सुरक्षा होगी सुदृढ़



दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को और भी अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस समारोह में ₹857 करोड़ की लागत से निर्मित 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' का लोकार्पण किया। साथ ही, ₹368 करोड़ की लागत से स्पेशल सेल के इंटीग्रेटेड हेडक्वार्टर का ई-शिलान्यास किया। **-अमित शाह,** गृहमंत्री

### शंकर से प्रेरणा लेती है सेना




सैनिकों के अंदर की भावना हमारी संस्कृति से, भगवान शिव की प्रेरणा से आती है। डर से समाज लंबे समय तक सुरक्षित नहीं हो सकता। एक निडर समाज ही मजबूत राष्ट्र बना सकता है। निडरता आध्यात्मिकता से आती है। **-राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### गिग वर्कर को मिले सुरक्षा



'कुछ दिन पहले जनसंसद में गिग वर्कर्स के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात हुई। बातचीत से साफ हुआ कि गिग अर्थव्यवस्था के फायदे मजदूरों तक पहुंचाने के लिए मजबूत और जिम्मेदार सरकारी कार्रवाई जरूरी है। महिला गिग वर्कर दोहरे शोषण का शिकार हैं, आर्थिक असुरक्षा के साथ-साथ सम्मान और सुरक्षा का अभाव। **-राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com





# धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव! अब सुप्रीम कोर्ट के 9 जज करेंगे सुनवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश और उनसे जुड़े भेदभाव के मामलों की सुनवाई के लिए 9 जजों की संविधान पीठ गठित की जाएगी। यह बेंच 7 अप्रैल 2026 से अंतिम सुनवाई शुरू करेगी। इस सुनवाई में केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़े फैसले की समीक्षा याचिका भी शामिल है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने स्पष्ट किया कि भारत के चीफ जस्टिस 9 सदस्यीय संविधान पीठ का गठन करेंगे। अदालत ने सभी पक्षों को 14 मार्च या उससे पहले अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि तय समय-सारणी का पालन सभी पक्षों को करना होगा।

## सबरीमाला समीक्षा याचिका पर भी होगी सुनवाई

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार की ओर से कहा कि सरकार ने सबरीमाला फैसले की समीक्षा के लिए दायर याचिका का समर्थन किया है। पहले दिए गए फैसले में केरल के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित पवित्र सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं को प्रवेश की अनुमति दी गई थी। अब इसी फैसले की समीक्षा पर 9 जजों की बेंच विचार करेगी।



**14 मार्च तक दाखिल करें लिखित दलीलें**

### दोनों पक्षों के लिए नोडल काउंसल नियुक्त

सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला फैसले की समीक्षा का समर्थन करने वाले सभी पक्षों के लिए वकील कृष्णा कुमार सिंह को तथा विरोध करने वाले पक्षों के लिए शाश्वती परी को नोडल काउंसल बनाया गया है। इसके अलावा वरिष्ठ वकील के. परमेश्वर के साथ शिवम सिंह को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया गया है।

### 22 अप्रैल तक सुनवाई पूरी होने की संभावना

अदालत के आदेश के अनुसार 7 अप्रैल 2026 को सुबह 10:30 बजे 9 जजों की बेंच सुनवाई शुरू करेगी। 7 से 9 अप्रैल तक समीक्षा याचिकाकर्ताओं और उनका समर्थन करने वालों की दलीलें सुनी जाएंगी। इसके बाद 14 से 16 अप्रैल तक समीक्षा का विरोध करने वाले पक्षों की सुनवाई होगी। अदालत ने उम्मीद जताई है कि 22 अप्रैल तक अंतिम सुनवाई पूरी कर ली जाएगी।

### अन्य धार्मिक प्रथाओं पर भी होगा विचार

सबरीमाला के अलावा संविधान पीठ मुस्लिम महिलाओं को मस्जिदों और दरगाहों में प्रवेश के मुद्दे, गैर-पारसी पुरुष से विवाह करने वाली पारसी महिलाओं को अगियारी (अग्नि मंदिर) में प्रवेश से रोकने की परंपरा और दाउदी बोहरा समुदाय में फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन जैसी प्रथाओं पर भी सुनवाई करेगी।

## मणिशंकर अय्यर का कांग्रेस नेताओं पर बड़ा हमला, कांग्रेस ने झाड़ा पल्ला

# थरूर को विदेश मंत्री की चाहत, पवन खेड़ा सिर्फ कठपुतली', पिनाराई फिर बनेंगे सीएम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अपने बयानों की वजह से विवादों में रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने अपनी पार्टी के दिग्गज नेताओं को निशाने पर लिया है। उन्होंने शशि थरूर, पवन खेड़ा और जयराम रमेश के बारे में विवादित बातें कही हैं। उनका यह भी कहना है कि कांग्रेस पार्टी केरल में आगामी विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर तिरुवनंतपुरम में केरल सरकार के विजन 2031 इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डेवलपमेंट एंड डेमोक्रेसी को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान अय्यर के इस 'वामपंथी प्रेम' ने पार्टी के भीतर भारी हंगामा खड़ा कर दिया है। अय्यर के ताजा हमलों ने पार्टी के अंदर की गुटबाजी को एक बार फिर सार्वजनिक कर दिया है, जिससे कांग्रेस नेतृत्व की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वहीं भाजपा ने इस मामले में कहा कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब कांग्रेस भाजपा के खिलाफ एकजुट दिखने की कोशिश कर रही है। अय्यर का यह बयान पार्टी की विश्वसनीयता पर सीधा हमला माना जा रहा है।

### खेड़ा अपने मन से कुछ नहीं बोल सकते : अय्यर



मणिशंकर अय्यर ने एक साक्षात्कार के दौरान पवन खेड़ा को कठपुतली करार दिया। उन्होंने कहा कि खेड़ा वही बोलते हैं जो उन्हें बोलने के लिए कहा जाता है, उनका अपना कोई मौलिक विचार नहीं होता। अय्यर ने तंज कसते हुए कहा कि मीडिया हेड होने के नाते खेड़ा केवल रटी-रटाई सक्रिप्ट पढ़ते हैं।

### थरूर को बहुत बड़े पद की महत्वाकांक्षा

अय्यर ने कांग्रेस नेता शशि थरूर को बाहरी और अत्यधिक महत्वाकांक्षी बताया। उन्होंने कहा कि थरूर ने पार्टी में बहुत बाद में एंट्री ली और वे बहुत जल्द बड़े पद हासिल करना चाहते हैं। उनकी महत्वाकांक्षा विदेश मंत्री बनने की है। अय्यर ने कहा कि थरूर जैसे नेताओं की विचारधारा कांग्रेस की मूल विचारधारा से मेल नहीं खाती।

### 'केरल में नहीं जीतेगी कांग्रेस'

केरल में कांग्रेस की जीत की संभावनाओं पर एक सवाल के जवाब में अय्यर ने कहा, मैं चाहता हूं कि कांग्रेस जीते, लेकिन मुझे नहीं लगता कि ऐसा होगा क्योंकि कांग्रेस के नेता बंटे हुए हैं। वे कम्युनिस्टों से ज्यादा एक-दूसरे से नफरत करते हैं। उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि आने वाले चुनावों के बाद भी लेफ्ट के दिग्गज नेता टॉप पोस्ट पर बने रहेंगे और पिनाराई विजयन फिर सीएम बनेंगे।

### कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज : भाजपा

इस मामले पर भारतीय जनता पार्टी ने भी चुटकी ली है। भाजपा प्रवक्ताओं का कहना है कि कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है जहां नेता आपस में ही लड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी अय्यर और खेड़ा की यह भिड़ंत ट्रेंड कर रही है, जहां यूजर्स कांग्रेस के अनुशासन पर सवाल उठा रहे हैं।

### मणिशंकर के बयान हमेशा रहे कांग्रेस की मुसीबत

गौरतलब है कि मणिशंकर अय्यर हमेशा विवादों के केंद्र में रहे हैं। अय्यर के बयान कांग्रेस के लिए 'सेल्फ गोल' साबित होते हैं। चाहे वह प्रधानमंत्री मोदी के लिए नीच आदमी वाला बयान हो या पाकिस्तान में जाकर मदद मांगने की बात। अब ये बयान देकर उन्होंने विपक्ष को कांग्रेस पर हमला करने का एक और मौका दे दिया है।

### मणिशंकर पर 'बुढ़ापे का असर' : खेड़ा



अय्यर के हमलों पर पवन खेड़ा ने उनकी उम्र और उनकी आदतों पर तंज कसते हुए कहा कभी-कभी वरिष्ठता और 'ठिठुरते बुढ़ापे' के बीच की रेखा मिट जाती है। हम मणिशंकर अय्यर की वरिष्ठता का सम्मान करते हैं, लेकिन उनके बयानों से पार्टी को अक्सर नुकसान होता है और विपक्ष को बैठे-बिठाए मुद्दा मिल जाता है। कांग्रेस अय्यर को सिर्फ उनके पुराने योगदान के कारण बर्दाश्त कर रही है।

अमेरिका के एडमिरल कमांडर ऑपरेशन सिंदूर के हुए मुरीद

# भारत ने संयम, रणनीति और ताकत के जरिए पेश की शांति की मिसाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिका के हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे. पपारो ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर की जमकर तारीफ की है। पपारो ने कहा कि उनका मानना है कि उस समय भारतीय सेनाओं ने इसमें अद्भुत संयम, रणनीतिक सटीकता और ताकत के जरिए शांति बनाए रखने की मिसाल पेश की। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती आक्रामकता और जबरदस्ती पर चिंता बढ़ रही है और साथ ही भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की बात हो रही है। अमेरिकी नौसेना के एडमिरल पपारो नई दिल्ली दौरे पर मीडिया से बातचीत करते हुए ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तार से बात की।

### वैश्विक स्तर पर भारत ने दिखाई सैन्य क्षमता

प्राप्त जानकारी के अनुसार एडमिरल पपारो के बयान से स्पष्ट है कि ऑपरेशन सिंदूर ने न सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई नीति दिखाई, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की सैन्य क्षमता और संयम की मिसाल पेश की।

### पपारो के बयान की चार बड़ी बातें

- संयम की सराहना : उन्होंने कहा कि हम ऑपरेशन सिंदूर में दिखाए गए संयम की सराहना करते हैं। इसके साथ ही ऐसे अभियानों को देखकर सभी शांतिप्रिय राष्ट्र चिंतित हो जाते हैं। बता दें कि उन्होंने भारत की ताकतिक निष्पादन और आत्ममंथनकी भी तारीफ की, जिसमें ऑपरेशन के बाद सबक सीखने पर गंभीरता दिखाई गई।
- चीन से जुड़े सबक : इसके साथ ही पाकिस्तान के चीनी मूल के हथियारों के इस्तेमाल पर उन्होंने कहा कि इससे बहुत सबक मिले हैं। लंबी दूरी के हथियारों और किल चेन की जटिलता पर फोकस जरूरी है। फिलहाल उन्होंने स्पष्ट रूप से चीन का नाम नहीं लिया, लेकिन क्षेत्र में बढ़ती 'कोएर्शन और एग्रेशन' पर गंभीर चिंता जताई।
- भारत-अमेरिका संबंधः 'हमारी साझेदारी का डिटरेंस पर एक्सपोनेंशियल प्रभाव पड़ता है, क्योंकि यह शांति बनाए रखने के साझा उद्देश्य को दिखाता है, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में। बता दें कि अमेरिका भारत के हिंद महासागर में योगदान की सराहना करता है।
- क्षेत्रीय महत्वः पपारो ने कहा हिंद-प्रशांत में दुनिया की 60% आबादी, 60% से ज्यादा जीडीपी और टॉप 10 सेनाओं में से 7 इसी क्षेत्र में हैं। ऐसे में हालात और बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए भारत-अमेरिका की मजबूत साझेदारी जरूरी है। नीति निर्माताओं के साथ सैन्य क्षमता बढ़ाने और हर क्षण मुकाबला करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

### छोटे उद्यमों को समय पर कर्ज सुलभ कराना प्राथमिकता

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वित्तीय संस्थानों से समय पर और पर्याप्त कर्ज उपलब्धता में सुधार करना केंद्रीय बैंक की प्रमुख नीतिगत प्राथमिकताओं में से एक है। केंद्रीय बैंक के संबंधित पक्षों के साथ निरंतर बैठकों के तहत, मल्होत्रा ने चुनिंदा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों और संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। आरबीआई के बयान के अनुसार, मल्होत्रा ने देश के आर्थिक परिदृश्य में एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।


**Franklin Templeton Mutual Fund**

Cordially invites you for a program under it's Investor Education and Awareness Initiative.

Venue:
Hotel Intercity International, Jagmal Chowk, Bilaspur - 495001.

Date: 19th February, 2026
Time: 7:00 p.m.

Contact Person: Satyaki Paul (8910815275)

Due to limited seats, entry will be provided to registered attendees only. Please call on the above number to register by tomorrow.

We look forward to your participation.

FRANKLIN TEMPLETON

Registered office: One International Centre, Tower 2, 12th & 13th Floor, Senapati Bapat Marg, Elphinstone (West), Mumbai - 400013

**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**


पहलगाम हमले के बाद से थे बंद

# जम्मू-कश्मीर में 14 टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोले गए



एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का ऐलान किया। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा कि पूरी सिक्योरिटी रिव्यू और चर्चा के बाद मैंने कश्मीर और जम्मू डिवीजन में और टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोलने का ऑर्डर दिया है। घूमने वाली इन जगहों को पिछले साल अप्रैल में हुए पहलगाम अटैक के बाद से बंद कर दिया गया था। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसमें से 25 टूरिस्ट थे।

**इन पर्यटन स्थलों पर होगी आवाजाही :** पकश्मीर डिवीजन में 11 टूरिस्ट स्पॉट - यूसमर्ग, बडगाम में दूधपथरी, कोकरनाग में दांडीपोरा पार्क, पीर की गली, शोपियां में दुबजान और पड़पावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गंदेरबल में हंग पार्क और बारामूला में वुलर/वतलाब को फिर से खोला जाएगा। वहीं जम्मू डिवीजन में 3 टूरिस्ट स्पॉट- रियासी में देवी पिंडी, रामबन में माहू मंगत और किश्तवाड़ में मुगल मैदान आम पब्लिक के लिए ओपन होंगे।

**सितंबर 2025 में भी 7 टूरिस्ट स्पॉट खोले गए थे-** पिछले साल सितंबर में कश्मीर संभाग में सात टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोला गया था। उनमें अरु घाटी, राफ्टिंग पॉइंट यान्नर, अक्कड़ पार्क, पादशाही पार्क और कमान पोस्ट शामिल हैं। वहीं जून में पहलगाम के कुछ हिस्सों सहित 16 पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया गया था।




# 12वीं में सिर्फ एक विषय की परीक्षा दोबारा दे सकेंगे छात्र, 10वीं में पूरी परीक्षा ही दो बार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई की 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं आज से प्रारंभ होंगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परीक्षा से लेकर मूल्यांकन प्रणाली तक कई बदलाव किए गए हैं। परिवर्तित नियमों को लेकर बोर्ड द्वारा पूरे सत्र अधिसूचना जारी की जाती रही है।

परीक्षा से एक दिन पूर्व बोर्ड ने पुनः दिशा-निर्देश जारी करते हुए नए नियमों को लेकर छात्रों को आगाह किया है ताकि परीक्षा के दौरान किसी तरह की दुविधा की स्थिति ना रहे। छात्रों और अभिभावकों के 12वीं पास करने के बाद अंक सुधार के विकल्प, इम्प्रूवमेंट फॉर्म संबंधित सवालों पर बोर्ड की ओर से स्थिति साफ कर दी गई है। बोर्ड के मुताबिक, अगर कोई छात्र 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद अपने नंबर बढ़ाना चाहता है, तो उसके पास दो विकल्प हैं। पहला विकल्प यह है कि मुख्य परीक्षा के बाद जुलाई 2026 में होने वाली सप्लीमेंट्री परीक्षा में शामिल हो। इसमें छात्र केवल एक विषय में ही सुधार कर सकता है। दूसरा विकल्प यह है कि अगर छात्र एक से ज्यादा विषयों में सुधार करना चाहता है, तो उसे अगले साल फरवरी में होने वाली मुख्य बोर्ड परीक्षा में फिर से बैठना होगा। यानी एक से अधिक विषयों में सुधार का मौका केवल मुख्य परीक्षा में ही मिलेगा। 12वीं के छात्रों के लिए सुधार का मौका सीमित है, इसलिए छात्र मुख्य परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करें।

## सीबीएसई की परीक्षाएं आज से, बदलाव को लेकर बोर्ड ने 24 घंटे पूर्व किया आगाह




### दस दिनों के अंतराल में करना होगा आवेदन

दरअसल, बोर्ड ने साफ किया है कि दो बार परीक्षा देने की सुविधा केवल 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए है। 12वीं कक्षा में 'दो बार बोर्ड परीक्षा का सिस्टम' लागू नहीं किया गया है। 12वीं के छात्रों के लिए सुधार का विकल्प सीमित है। नई पॉलिसी के अनुसार, 10वीं के छात्रों के लिए दूसरी बोर्ड परीक्षा ही इम्प्रूवमेंट परीक्षा मानी जाएगी। मुख्य परीक्षा खत्म होने के बाद छात्रों को लगभग 10 दिनों का समय दिया जाएगा, जिसमें वे अपने पहले एग्जाम के प्रदर्शन का अंदाजा लगाकर दूसरी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। जब पहले एग्जाम का रिजल्ट घोषित हो जाएगा, तब भी छात्र अपने वास्तविक अंकों के आधार पर दूसरी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। दूसरे चरण में जिन छात्रों ने आवेदन किया होगा, उन्हें निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। केवल फीस जमा करने वाले छात्र ही दूसरी परीक्षा में बैठ पाएंगे।

### 15 जुलाई को होगा इम्प्रूवमेंट परीक्षा

12वीं कक्षा के छात्रों के लिए इम्प्रूवमेंट परीक्षा 15 जुलाई 2026 को निर्धारित की गई है। बोर्ड ने बताया है कि रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्र इम्प्रूवमेंट या कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। रिजल्ट मई 2026 में जारी होने की संभावना है। उसी समय सीबीएसई एक डिटेल्ड सर्कुलर जारी करेगा, जिसमें आवेदन प्रक्रिया और तारीखों की जानकारी दी जाएगी। छात्रों के प्रतिशत निकाले जाने संबंधित सवाल को लेकर भी सीबीएसई ने स्थिति साफ की है। बोर्ड ने कहा है, सीबीएसई केवल मार्कशीट में अंक देता है, प्रतिशत नहीं निकालता। प्रतिशत का कैल्कुलेशन संबंधित कॉलेज, विश्वविद्यालय या नौकरी देने वाली संस्था अपने नियमों के अनुसार करती है। यानी प्रतिशत निकालने का तरीका अलग-अलग संस्थानों पर निर्भर करता है।

## सीएम साय की अध्यक्षता में एससीआर की पहली बैठक जल्द, चार मंत्री, सीएस और विभागीय सचिव होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- बैठक की तैयारियां तेज, तय होगी एससीआर की दिशा

छत्तीसगढ़ के राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण यानी एससीआर की पहली बैठक मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में जल्द होगी। इस बैठक की तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। इस बैठक में प्राधिकरण में शामिल चार मंत्री, मुख्य सचिव और कई विभागों के सचिव शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस पहली बैठक को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, इस बैठक में राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के कामकाज और संचालन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। इधर राज्य शासन ने एससीआर के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में वरिष्ठ आईएएस अंकित आनंद की नियुक्ति की है। इसके साथ ही 240 अधिकारियों-कर्मचारियों का सेटअप भी मंजूर हो चुका है। एससीआर के दायरे में रायपुर, नवा रायपुर, भिलाई और दुर्ग शहर शामिल हैं। जरुरत पड़ने पर इसके क्षेत्र में विस्तार करते हुए अभनपुर और राजनांदगांव को भी शामिल किया जा सकता है।

## सीएस ने की नवा अंजोर विजन मॉनिटरिंग पोर्टल की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्य सचिव विकासशील ने सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ नवा अंजोर विजन 2047 मॉनिटरिंग पोर्टल की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के सचिव उपस्थित रहे।



मुख्य सचिव ने नवा अंजोर विजन 2047 के अंतर्गत निर्धारित इंडिकेटर्स की राज्य स्तरीय समीक्षा करते हुए सभी विभागीय सचिवों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, निर्धारित लक्ष्यों की नियतकालिक उपलब्धि तथा अद्यतन जानकारी मॉनिटरिंग पोर्टल में समय-समय पर दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से योजनाओं की प्रगति की प्रभावी निगरानी एवं मूल्यांकन संभव है, जिससे राज्य के विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में गति आएगी। मुख्य सचिव ने सभी विभागीय सचिवों को अपने विभागीय डैशबोर्ड पर ऑनलाइन प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा निर्धारित इंडिकेटर्स के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।बैठक में विजन 2047 के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति हेतु समन्वित एवं परिणामोन्मुख कार्यवाही पर विशेष जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा- दो साल में मोदी की गारंटी के अधिकतर वादों को हमने किया पूरा

# सभी मोर्चा को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के संयुक्त मोर्चा की पहली बार हुई बैठक में केंद्र सरकार के साथ ही प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का जिम्मा मोर्चा को दिया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, सभी मोर्चा के प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शासन की योजनाओं और मोदी की गारंटी की सफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय हों। हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना है। सच्ची सेवा भावना के साथ हमें एक शक्तिशाली और समृद्धशाली भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी है।

श्री साय ने सोमवार कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संयुक्त मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में कहा, युवा, महिला, किसान, एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक मोर्चों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंचना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, हमने मात्र दो वर्षों में मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा, हमें जनता को इन योजनाओं के बारे में बताना है और इससे लोगों का जुड़ाव सीधे हम तक होगा। पीएम जन-मन योजना के माध्यम से 24 हजार करोड़ रुपए के प्रावधान से जनजातीय क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है। राज्य की नई उद्योग नीति की देश-विदेश में सराहना हो रही है। खेलो इंडिया के माध्यम से खेलों को महत्व दिया जा रहा है और पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान सरकार की प्राथमिकता है।



**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी एवं यशवंत जैन ने किया। संयुक्त मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मख्मूर इकबाल सहित समस्त मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### योजनाओं की चर्चा हर घर और हर गली में होनी चाहिए: अजय

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने आगामी लक्ष्यों का रोडमैप सामने रखा और कहा, पार्टी आज न केवल देश की, बल्कि विश्व की नंबर वन पार्टी बन चुकी है, लेकिन हमारा वास्तविक लक्ष्य भारत को शक्तिशाली, समृद्धशाली, आत्मनिर्भर और 'विश्वगुरु' बनाना है। आज केंद्र की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के कार्यों और योजनाओं की चर्चा हर घर और हर गली में होनी चाहिए।

### बजट की दें सबको जानकारी : किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने पार्टी के विभिन्न मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और आगामी बजट सत्र को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए कहा, पार्टी में निरंतर प्रशिक्षण की परंपरा है। 17 फरवरी से हमारे प्रशिक्षण वर्ग की कार्यशाला शुरू हो रही है, जहां नए कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीति-नीति से अवगत कराया जाएगा। श्री देव ने कहा, केंद्र सरकार के बजट के बाद अब छत्तीसगढ़ के बजट की बारी है।

## अरुण साव, ओपी चौधरी, तोखन साहू विजय बघेल ने संभाला असम में मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- प्रदेश के चारों नेता एक बार फिर असम के दौरे पर

असम में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को जहां असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को वहां पर दस विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी एक लोकसभा की सभी विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। दुर्ग के सांसद विजय बघेल को भी दस विधानसभाओं की कमान सौंपी गई है। ये नेता एक बार असम का दौरा कर चुके हैं, अब फिर ये नेता सोमवार को असम गए हैं और वहां अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं में मोर्चा संभाल लिया है।

भाजपा का राष्ट्रीय संगठन लगातार प्रदेश के नेताओं को दूसरे राज्यों के विधानसभाओं की बड़ी जिम्मेदारी दे रहा है। अब तो भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन गए हैं। वे भली भांति प्रदेश के नेताओं की क्षमता जानते हैं। ऐसे में अब यहां के नेताओं को और ज्यादा जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

### असम के दौरे पर प्रदेश के नेता

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को असम में एक लोकसभा की 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे वहां का एक बार तीन दिनों का दौरा करके आने के बाद वापस एक बार फिर से गए हैं। दुर्ग के सांसद विजय बघेल को डिब्रूगढ़ लोकसभा की दस विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। एक बार वे वहां का दौरा करके वापस आ गए हैं। श्री बघेल ने बताया वे फिर से आज से अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं का दौरा करेंगे। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को एक लोकसभा की 10 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। वे भी एक बार असम का दौरा कर चुके हैं। सोमवार को वे भी फिर से असम गए हैं। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी वहां पर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। वे भी सोमवार को असम गए हैं।

## तंजानिया में सोने की खान दिलाने का झांसा देकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस पहले एफआईआर दर्ज करने कर रही थी आनाकानी


**रायपुर।** तंजानिया में सोने की खान का ठेका दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। रायपुर के दो कारोबारियों ने डेढ़ माह पूर्व सिविल लाइंस थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सूत्रों के मुताबिक एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने दबाव बनाने कोशिश की गई। आरोपी को गिरफ्तार करने लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद मुंबई पुलिस ने जालसाज को वियतनाम भागने की फिराक में एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर रायपुर पुलिस के सुपुर्द किया। समर्थ बरडिया की शिकायत पर पुलिस ने मुंबई, घाटकोपर निवासी यश राजेश शाह को गिरफ्तार किया है। यश ने समर्थ के रिश्तेदार मुकुल चोपड़ा को तंजानिया में सोने का खनन करने के व्यवसाय में भागीदार एवं पार्टनरशिप में निवेश के नाम पर विश्वास दिलाते हुए सोने की खदान दिखाकर ठगी की थी।

भूपेश का केंद्र पर हमला, कहा-

## देश पर मनमोहन के कार्यकाल जितना कर्ज था, वह अब तीन गुना ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत की मौजूदा अर्थव्यवस्था को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भारत पर कितना कर्जा था और मौजूदा समय में यह कितना है, इसकी तुलना कर लें। दावा करते हुए कहा, देश पर 2014 से पहले जितना कर्ज था, वह अब तीन गुना ज्यादा है। भाजपा को पहले अर्थव्यवस्था कैसी है, वह देख लेनी चाहिए? उन्होंने कहा, वह केवल अपने मित्रों के लिए व्यवस्था कर रहे हैं।



- कांग्रेस को सीख देने की कोशिश न करें साव

डिप्टी सीएम साव के कांग्रेस जिला अध्यक्षों की परफॉर्मेंस को लेकर दिए बयान पर पूर्व सीएम बघेल ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, अरुण साव ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जो-जो वादे किए थे, सभी की समीक्षा करें। पहले देख लें कि वह कितने वादों पर खरा उतरे और क्या नहीं कर पाए। कांग्रेस को सीख देने की कोशिश न करें।

चंडीगढ़ की बैठक में हुए शामिल- पंजाब कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल चंडीगढ़ गए। उन्होंने अपने दौरे को लेकर जानकारी दी कि चंडीगढ़ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक है, जिसमें वह शामिल होंगे। मनरेगा बचाओ महासंग्राम, अमेरिका टैरिफ जैसे मुद्दों पर सरकार के खिलाफ लड़ाई शुरू की जाएगी।

# केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन

क्राइम डीसीपी के आब्जर्वेशन में एडीसीपी सहित 11 पुलिसकर्मी टीम में शामिल

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के तीन सप्ताह बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का का गठन किया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम क्राइम डीसीपी स्मृतिक राजनाला के आब्जर्वेशन में काम करेगी। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के नोडल अफसर एडीसीपी अनुज कुमार बनाए गए हैं।

पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स में एक इंस्पेक्टर, एक एसआई, एक एएसआई के साथ तीन हवलदार, पांच आरक्षक सहित 10 पुलिसकर्मी शामिल रहेंगे। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स पुलिस कमिश्नरेट के साथ रायपुर ग्रामीण के थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ जब्त करने के साथ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स पुलिस कमिश्नरेट के साथ पूरे जिले में काम करेगी

#### पारंपरिक की जगह सिंथेटिक ड्रग की तस्करी

जिले की पुलिस ने वर्ष 2025 में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान को तेज किया, जिसमें एनडीपीएस एक्ट के तहत 271 मामले दर्ज किए गए और 445 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिले में तस्करी का पैटर्न पारंपरिक कंट्राबेंड (जैसे गांजा और अफीम) से बदलकर सिंथेटिक पार्टी ड्रग्स जैसे एमडीएमए, एलएसडी की ओर बढ़ रहा है। हाल ही में रायपुर में हेरोइन और एमडीएमए की बड़ी खेप के साथ पुलिस ने कई गिरफ्तारियां की हैं। राज्य में मुख्य रूप से गांजे की तस्करी होती है। आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में राज्यभर में लगभग 25 हजार 949 किलो गांजा जब्त किया गया था। पुलिस प्रशासन अब रायपुर में नशे के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए 'इंड-टू-इंड' ऑपरेशन और जीरो-टोलरेंस की नीति अपना रहा है।

#### कमर तोड़ने सफेमा के तहत कार्रवाई

मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तस्करों की स्मग्लर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनीपुलेटर्स एक्ट (सफेमा) के तहत संपत्ती अटैच करने की कार्रवाई तेज करनी होगी। इसके बाद मादक पदार्थ की तस्करी रोकने पुलिस को मदद मिलेगी। जिले के चर्चित गांजा तस्कर रवि साहू को कोर्ट ने पिछले महीने 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। राजनीतिक सरपरस्ती में गांजा की तस्करी करने वाला मुकेश बनिया फरार है। ऐसे बड़े तस्करों के खिलाफ सफेमा एक्ट की कार्वाई होने से तस्करों में खौफ पैदा होगा।

#### तस्करों की फाइल खोली गई है

मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तस्करों की फाइल खोली गई है। मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तस्करों के केस निकाल कर संपत्ती अटैच करने की कार्वाई करने मुंबई सफेमा कोर्ट भेजा जा रहा है। सुनवाई पूरी होने के बाद मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त तस्करों की संपत्ती अटैच करने की कार्वाई की जाएगी।

**- डॉ. संजीव शुक्ला,** पुलिस कमिश्नर रायपुर

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।


## शब्द पहेली - 6141



**बाएँ से दाएँ**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुन:,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

**शब्द पहेली - 6140 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6151

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6150 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## खबर संक्षेप

### आय फाइनेंस के शेयर की बाजार में स्थिर शुरुआत




**नई दिल्ली।** आय फाइनेंस के शेयर ने सोमवार को बाजार में स्थिर शुरुआत की और निर्गम मूल्य 129 रुपये के बराबर ही सूचीबद्ध हुआ। एनएसई और बीएसई दोनों पर शेयर 129 रुपये प्रति शेयर पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में, एनएसई पर इसमें 3.17 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 124.91 रुपये पर पहुंच गया।

### रिन्यू का शुद्ध घाटा कम होकर 19.8 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी (रिन्यू) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध घाटा कम होकर 19.8 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में शुद्ध घाटा 38.79 करोड़ रुपये रहा था। 2025-26 की समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 2,119.8 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,137.2 करोड़ रुपये हो गई।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 90.66 पर स्थिर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 90.66 (अस्थायी) पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख को विदेशी बाजारों में डॉलर की मजबूती ने बेअसर कर दिया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार, कच्चे तेल की कम कीमतों ने रुपये का समर्थन किया।

### एफपीआई ने बाजार में डाले 19675 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में 19,675 करोड़ रुपये डाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई का यह प्रवाह लगातार तीन माह की भारी बिकवाली के बाद हुआ है।

### भारत में प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं है लॉरियल : सीईओ




**नई दिल्ली।** फ्रांस की प्रमुख सौंदर्य प्रसाधन कंपनी लॉरियल भारतीय बाजार में अपने प्रदर्शन से ''संतुष्ट नहीं'' है। कंपनी के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निकोलस हिरोनिमस के अनुसार, वर्ष 2025 में एक अंक में वृद्धि दर्ज करने के बावजूद कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

### फ्रैक्टल तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) समाधान प्रदाता फ्रैक्टल एनालिटिक्स ने सोमवार को बाजार में सुस्त शुरुआत की और इसका शेयर 900 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर 876 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 2.67 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। बाद में, इसमें 4.94 प्रतिशत की और गिरावट आई और यह 855.55 रुपये पर पहुंच गया।

# अरबपतियों की लिस्ट में उथल-पुथल, टॉप-10 में शामिल हुए 3 भाई-बहन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- सूची में लैरी पेज, सर्गी ब्रिन, मार्क जुकरबर्ग व बेजोस की दौलत में कमी दर्ज

वॉल स्ट्रीट से दलाल स्ट्रीट तक टेक शेयरों की पिटाई का असर दुनियाभर के अरबपतियों की दौलत और उनकी रैंकिंग पर देखने को मिल रहा है।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताजा रैंकिंग में लैरी पेज, सर्ग्री ब्रिन, मार्क जुकरबर्ग, जेफ बेजोस की दौलत में कमी दर्ज की गई है। दुनिया के टॉप-10 अरबपतियों की लिस्ट में एक नए चेहरे की एंट्री हुई है। जबकि, जेनसेन हुआंग बाहर हो गए हैं। स्टीव बाल्मर और माइकल डेल पहले ही बाहर हो चुके थे। इसके उलट, टेक सेक्टर से जुड़े लैरी एलिसन और एलन मस्क की दौलत में इजाफा हुआ है। हालांकि, इनकी रैंकिंग पर कोई असर नहीं पड़ा है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के टॉप-10 अमीरों में अब केवल छह लोग ही टेक इंडस्ट्रीज से रह गए हैं। अब लैरी एलिसन 200 अरब डॉलर क्लब में हैं।

## टेक शेयरों की पिटाई का असर दौलत और रैंकिंग पर देखने मिल रहा

### मस्क नंबर वन पर कायम




शुक्रवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को 265 मिलियन डॉलर का फायदा पहुंचा। अब उनकी संपत्ति 677 अरब डॉलर रह गई है। गूगल के सह-संस्थापकों लैरी पेज को 2.88 अरब डॉलर और सर्गेई ब्रिन को 2.68 अरब डॉलर का झटका लगा। लैरी पेज दुनिया के दूसरे सबसे बड़े रईस हैं। इनके पास 263 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। सर्गी ब्रिन 245 अरब डॉलर के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

### टॉप-10 में एलिस वॉल्टन की एंट्री



अमीरों की टॉप-10 लिस्ट में अब एलिस वॉल्टन की एंट्री हो गई है। इनके दो भाइयों जिम वॉल्टन और रॉब वॉल्टन पहले से ही क्रमशः 8वें और नौवें स्थान पर हैं। जिम वॉल्टन के पास 158, रॉब वॉल्टन के पास 154 और एलिस के पास 154 अरब डॉलर की संपत्ति है। तीनों रिटेल सेक्टर से हैं।

### जुकरबर्ग को 3.52 अरब डॉलर की चोट



मार्क जुकरबर्ग को 3.52 अरब डॉलर की चोट पहुंची और अभी वह 226 अरब डॉलर के साथ चौथे स्थान पर काबिज हैं। जेफ बेजोस ने भी 1.11 अरब डॉलर गंवाए हैं। इनकी कुल संपत्ति अब 225 अरब डॉलर रह गई है। लैरी एलिसन की संपत्ति में 3.20 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और वह 213 अरब डॉलर के साथ छठे नंबर पर हैं। कंज्यूमर सेक्टर से जुड़े बर्नार्ड अरनाल्ट को 3.21 अरब डॉलर की चोट पहुंची। इनकी संपत्ति अब 174 अरब डॉलर रह गई है।

### अंबानी-अडाणी को बड़ा नुकसान

घरेलू शेयर मार्केट में आए भूचाल की वजह से रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी को 2 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। वहीं, अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी को 3.63 अरब डॉलर की चोट पहुंची। अंबानी का नेटवर्थ अभी 96.4 अरब डॉलर है और वह 18वें पोजीशन पर हैं। जबकि, गौतम अडाणी 81.7 अरब डॉलर के साथ 21वें स्थान पर।

# जनवरी में बेरोजगारी दर मामूली बढ़कर पांच फीसदी पर : सर्वेक्षण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों के बीच बेरोजगारी दर जनवरी महीने में थोड़ा बढ़कर पांच प्रतिशत हो गई, जो दिसंबर, 2025 में 4.8 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली। नवीनतम आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों से पता चलता है कि बेरोजगारी दर में वृद्धि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दर्ज की गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बयान में कहा कि श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) एवं श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में गिरावट और बेरोजगारी दर में वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी कारणों से हुई।

### कृषि कार्यों में सुस्ती से काम की तलाश बढ़ी

फसल कटाई के बाद कृषि गतिविधियों में स्वाभाविक सुस्ती, निर्माण, कृषि-संबद्ध कार्य, परिवहन एवं छोटे व्यापार जैसे क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान सुस्ती रहने और कुछ श्रमिकों का अस्थायी रूप से काम की तलाश न करना इसके प्रमुख कारण रहे।



### काम की तलाश में जुटे लोगों का अनुपात घटा

एनएसओ ने कहा कि महिला बेरोजगारी दर अप्रैल से दिसंबर, 2025 के दौरान दर्ज दायरे के भीतर ही बनी हुई है। यह दर्शाता है कि यह वृद्धि अल्पकालिक उतार-चढ़ाव का परिणाम है, न कि श्रम बाजार की संरचनात्मक कमजोरी का। कुल आबादी में से काम कर रहे या काम की तलाश में जुटे लोगों का अनुपात यानी एलएफपीआर जनवरी में घटकर 55.9 प्रतिशत रहा, जबकि दिसंबर में यह 56.1 प्रतिशत था।

# चांदी में दो फीसदी की गिरावट सोना 700 रुपए हुआ मजबूत

- चांदी घटकर 2.5 लाख रुपए प्रति किलोग्राम रह गई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना बढ़कर 1,59,200 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतों दो प्रतिशत घटकर 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 700 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी 5,000 रुपये या 1.96 प्रतिशत घटकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गई, जो शुक्रवार को 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गया, जो पिछली बार 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा, ''सप्ताहांत की तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की जिससे चांदी की शुरुआत नरम रुख के साथ हुई।

# बिजली, बैंक शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 650 अंक चढ़ा



- शेयर बाजार में जारी गिरावट थमी
- अमेरिका-ईरान बातचीत से धारणा को मिला समर्थन

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 650 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 212 अंक चढ़ गया। बिजली, बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। इसके अलावा, अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत के बीच रुपये और वैश्विक कच्चे तेल में स्थिरता से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट से उबरते हुए 650.39 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 83,277.15 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,565 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,747 बढ़त में रहे। वहीं 184 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,11,982.13 रुपये बढ़कर 4,68,58,625.33 करोड़ रुपये (5,170 अरब डॉलर) पर पहुंच गया।

### मारुति में रही गिरावट

दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी इंडिया, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

### पावरग्रिड रहा सबसे अधिक लाभ में

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में पावरग्रिड सबसे अधिक लाभ में रहा। इसमें 4.45 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक में प्रमुख रूप से तेजी रही।

# स्नैपडील पर पांच लाख रुपए का लगा जुर्माना




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- बीआईएस मानकों के उल्लंघन वाले खिलौने बेचने का आरोप

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने अनिवार्य भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) प्रमाणन का अनुपालन नहीं करने वाले खिलौने बेचने के मामले में ई-कॉमर्स मंच स्नैपडील पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

यह कार्रवाई खिलौना (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2020 के उल्लंघन को लेकर की गई है। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे ने बताया कि इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए स्नैपडील (ऐस वेक्टर लिमिटेड) के खिलाफ अंतिम आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने अमेजन तथा फ्लिपकार्ट जैसी अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ-साथ स्टैलियन ट्रेडिंग कंपनी और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार स्टोर जैसे विक्रेताओं को भी नोटिस जारी किए हैं।

सीसीपीए ने जुर्माने लगाने के अलावा स्नैपडील को निर्देश दिया है कि वह भविष्य में यह सुनिश्चित करे कि उसके मंच पर कोई भी ऐसा खिलौना सूचीबद्ध या प्रचारित न किया जाए जो बीआईएस मानकों के अनुरूप न हो। प्राधिकरण ने मंच को उपभोक्ताओं की त्वरित शिकायत निवारण सुविधा के लिए संपर्क नंबर, ई-मेल पता और शिकायत अधिकारी का विवरण प्रमुखता से प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया है।

# यूपीआई अब लेनदेन का सबसे पसंदीदा माध्यम




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नकद लेनदेन को पीछे छोड़ते हुए यूपीआई भुगतान का सबसे पसंदीदा माध्यम बन गया है। हालांकि, गांवों तथा छोटे कस्बों में रुपे डेबिट कार्ड के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए लक्षित हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने 13-14 फरवरी 2026 को आयोजित चिंतन शिविर के दौरान 'रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई (व्यक्ति-से-व्यापारी) लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव विश्लेषण' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की।

सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण 15 राज्यों के 10,378 प्रतिभागियों को शामिल करते हुए किए गए एक व्यापक प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें 6,167 उपयोगकर्ता, 2,199 व्यापारी और 2,012 सेवा प्रदाता शामिल हैं, जो भारत के डिजिटल भुगतान परिवेश से जुड़े पक्षों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस सर्वेक्षण पर आगे शोध किया गया। मूल्यांकन से पता चलता है कि विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों में डिजिटल भुगतान को अपनाने में महत्वपूर्ण और निरंतर वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों में यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) सबसे पसंदीदा लेनदेन माध्यम बनकर उभरा है। 57 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वे लेनदेन में यूपीआई का उपयोग करते हैं। यह नकद लेनदेन (38 प्रतिशत) से कहीं अधिक है। इसका मुख्य कारण उपयोग में आसानी और तुरंत धन हस्तांतरण की सुविधा है। रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल भुगतान का अब दैनिक लेनदेन व्यवहार पर दबदबा है।

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur- 492002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:
**NIT No: 93/CHNR-SC-Sec-25/EE(E)/CE/NRANVP/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 13.02.2026**
**Name of Work: "Design, supply, installation, Testing, commissioning & 2 years O&M of Smart class at Christel house school, sector-25 Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)." (1st Call)**
**Estimated cost: INR 89.60 Lakh, EMD: INR 1.80 Lakh, Period of Completion: 02 Months capex & 2 Years O&M**
**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 09.03.2026**
The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) **http://eproc.cgstate.gov.in** directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.
Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

S.- 46912

Chief Engineer
NRANVP

**Directorate of Urban Administration & Development Technical Cell, Indravati Bhawan, Atal Nagar (C.G.)**

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
FIRST CALL

NIT No :- 1232/TC/UAD/2026 Raipur Dated : 13/02/2026

| S N | System Tender No. | Name of Work/ Description of Work | Last Date for Online Bid Submission | Last date for Physical submission | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 185570 | Construction of Nalanda Parisar at Nagar Palik Nigam Dhamtari. | 09.03.2026 Time 18:00 | 12.03.2026 Time 16:30 | 1105.00 Lakh |
| 2 | 185393 | Construction of Nalanda Parisar at Nagar Palika Parishad Gariyaband. | 09.03.2026 Time 18:00 | 12.03.2026 Time 16:30 | 433.68 Lakh |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in 13.02.2026, 18:00 Hours. (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

जी. 252606716/4

Chief Engineer
Urban Administration & Development, Atal Nagar (C.G.)

**कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
E-mail ID: cmhobb2012@gmail.com
Tel. Phone No. -07727-223550

क्रमांक / एन.एच.एम./ एच.आर./ NS-3301/2025-26/1345
बलौदाबाजार, दिनांक 13/02/2026

**सूचना**

कार्यालय आयुक्त सह मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.) का पत्र क्र. /NHM/PROJ-4107/6/2025-SECTION (NHM)/1240 दिनांक-08.07.2025 के परिपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला बलौदाबाजार - भाटापारा (छ.ग.) अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा भर्ती किये जाने हेतु समस्त अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 13/02/2026 से 28/02/2026 तक समय सुबह 10.00 बजे से शाम 05:00 बजे तक, स्थान-कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है।

विज्ञापन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, नियम-शर्ते एवं आवेदन पत्र के प्रारूप हेतु जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) विभागीय वेबसाईट www.balodabazar.gov.in अथवा कार्यालयीन सूचना पटल का अवलोकन कर सकते है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

जी. 252606711/2

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, छुईखदान जिला-खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)**
Office Email ID, eewrckn@cgwrd.in / Fax & Ph.No. 07743-263628
क्रमांक /565 /व.ले.लि. छुईखदान दिनांक/13/02/2026

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

निविदा सूचना क्र. 11/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 12.11.2025 निविदा सिस्टम क्र. 179260 (द्वितीय आमंत्रण) खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के विकासखण्ड छुईखदान के सिद्धबाबा जलाशय योजना की फीडर मुख्य नहर अंतर्गत कोटरा माईनर आर.डी. 0 मी. से 1920 मी., उदयपुर माईनर आर.डी. 0 मी. से 1770 मी.. पुरेना माईनर आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 1230 मी., कोटरीछापर माईनर आर.डी. 0 मी. से 1290 मी., खैरी माईनर आर.डी. 0 मी. से 1320 मी., मैनहर माईनर आर.डी. 0 मी. से 1500 मी. सीताडबरी माईनर आर.डी. 0 मी. से 960 मी., घीरघोली माईनर आर.डी. 0 मी. से 1230 मी., गभरा माईनर आर.डी. 0 मी. से 2340 मी. तक निर्माण साथ ही 19 नग व्ही.आर.बी., 15 नग फाल, 04 नग माईनर हेड, 01 नग हेड स्लूस, गभरा माईनर आर.डी. 0 मी. से 750 मी. तक आर. सी.सी. ओपनट्रफ एवं कुलाबा फिक्सिंग का निर्माण कार्य (लागत राशि रू. 483.83 लाख) के लिये आमंत्रित निविदा मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.) के पृष्ठा.क्र.35/सा/मगोक/2025/1188 रायपुर दिनांक 12.02.2026 में दिये गये निर्देश ''द्वितीय आमंत्रित निविदा में कछाराधीन निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा दर निविदा अस्वीकृत कर पुनः निविदा आमंत्रित करने की अनुशंसा की है'' के परिपालन में उक्त आमंत्रित निविदा निरस्त की जाती है।
जी. 252604727/1

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

जी. 252606696/2

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(तृतीय आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 185579/ निविदा सूचना क्र. 17/वलेलि / 2025-26, छुईखदान दिनांक 13.02.2026**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 02.03.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम:- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के विकासखंड-छुईखदान के सिद्धबाबा जलाशय योजना की फीडर मुख्य नहर अंतर्गत कोटरा माईनर आर.डी. 0 मी. से 1920 मी., उदयपुर माईनर आर.डी. 0 मी. से 1770 मी., पुरेना माईनर आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 1230 मी., कोटरीछापर माईनर आर.डी. 0 मी. 1290 मी., खैरी माईनर आर.डी. 0 मी. से 1320 मी., मैनहर माईनर आर.डी. 0 मी. से 1500 मी. सीताडबरी माईनर आर.डी. 0 मी. से 960 मी., घीरघोली माईनर आर.डी. 0 मी. से 1230 मी., गभरा माईनर आर.डी. 0 मी. से 2340 मी. तक निर्माण साथ ही 20 नग व्ही. आर.बी., 15 नग फाल, 04 नग माईनर हेड, 01 नग हेड स्लूस, गभरा माईनर आर.डी. 0 मी. से 750 मी. तक आर. सी.सी. ओपनट्रफ एवं कुलाबा फिक्सिंग का निर्माण कार्य। अनुमानित लागत रू. 483.83 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 20.02.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी. 252606707/5

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार जनकपुर में उपलब्ध नये, पुराना ईमारती काष्ठ एवं नये, पुराना जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है. इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार जनकपुर से प्राप्त कर सकते है।
डिपो का नाम - काष्ठागार जनकपुर, नीलाम दिनांक - 27.02.2026, नीलाम समय- प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 338 | 23.927 | 3762 | 43.264 |
| 2 | साल | 400 | 250.000 | 4021 | 334.015 | 1042 | 27.332 |
| 3 | साजा | 0 | 0 | 80 | 10.075 | 8 | 0.209 |
| 4 | हल्दू मुण्डी, बांसा | 0 | 0 | 13 | 1.016 | 0 | 0 |
| 5 | नीलगिरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 970 | 7.128 |
| 6 | सतकठा | 0 | 0 | 31 | 4.429 | 0 | 0 |
| का | योग :- | 400 | 250 | 4483 | 373.462 | 5782 | 77.933 |
| 7 | मिश्रित जलाऊ | 100 चट्टा नया | | 262 चट्टा पुराना | | | |
| | योग :- | 100 चट्टा नया | | 262 चट्टा पुराना | | | |

टीप :-
1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व कय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई.डी से लॉगईन करके देख सकते है।

जी. 252606722/3

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छत्तीसगढ़ की पहचान...

राज्य सरकार ने मुझे मंत्री के रूप में काम करने का अवसर दिया इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं।

डॉ. द्विवेदीःसाय सरकार के 2 साल को किस रूप में देखते हैं?

गुरु खुशवंत साहेबःभाजपा की सरकार ने 2 साल में जनता के हित में शानदार काम किया है। मोदी की गारंटी पूरी तरह लागू की गई है। प्रत्येक योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम किया गया है। 2021 में जांजगीर में भूपेश सरकार ने मेडिकल कॉलेज की घोषणा की थी उसके बाद एक कदम आगे नहीं बढ़ाया गया। अब भाजपा की सरकार इस मेडिकल कॉलेज को पूरा करने के साथ डॉक्टर की पूरी व्यवस्था कर रही है। 72 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति सड़क और दूसरे कामों के लिए दी गई है और बजट का आवंटन भी कर दिया गया है। सिंचाई पर खास ध्यान देते हुए स्टॉप डैम बनाए जा रहे हैं। 600 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। प्रदेश स्तर की बात करें तो नक्सलवाद के नाम से छत्तीसगढ़ जाना जाता था जो कि अब अंतिम सांसें गिन रहा है। अब छत्तीसगढ़ को विकसित पर्यटन क्षेत्र के रूप में जाना जाएगा और राज्य सरकार इस तरफ पूरी कोशिश कर रही है।

डॉ द्विवेदीःआपने शिव डहरिया को आरंग विधानसभा क्षेत्र में हराया और जब उन्होंने जांजगीर से लोकसभा लड़ा तब भी आप यहां पहुंच गए ?

गुरु खुशवंत साहेबः यह मेरा नहीं पार्टी का फैसला है। भाजपा का हर एक कार्यकर्ता संगठन के तौर पर काम करता है। पार्टी जहां कहेगी हम वहां जाकर मेहनत करेंगे और भाजपा को जिताने की पूरी कोशिश करेंगे। पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य और दायित्व दोनों है। जांजगीर की जनता ने लोकसभा में भाजपा को चुना है क्योंकि हमारी पार्टी काम करना जानती और चाहती है। शिव डहरिया ने 5 साल आरंग विधानसभा में कोई काम नहीं किया सिर्फ भ्रष्टाचार और गड़बड़ी को बढ़ावा दिया। इसलिए जनता ने भाजपा को चुना है।

डॉ. द्विवेदीः भाजपा सरकार में आपको कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा का दायित्व मिला है, इन विभागों में कितना काम हुआ है?

गुरु खुशवंत साहेब : यह मेरी खुशकिस्मती है कि मैंने जिस फील्ड से शिक्षा प्राप्त की है उसी फील्ड में काम करने का अवसर भाजपा सरकार ने मुझे दिया है। तकनीकी कौशल के क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे उनके सामने रोजगार के अवसर खुलेंगे। इसके अलावा भी विभिन्न योजनाओं पर काम जारी है।

डॉ. द्विवेदीःक्या जांजगीर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की पहल आप करेंगे?

गुरु खुशवंत साहेबः बच्चों और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। बिलासपुर और रायगढ़ में पहले से ही इंजीनियरिंग कॉलेज है जहां क्षेत्र के बच्चे उच्च शिक्षा की पढ़ाई कर रहे हैं। आईआईटी की तर्ज पर सीजी आईटीआई खोले जा रहे हैं। चार स्थानों पर यह खुल चुके हैं तीन और पर काम जारी है। एआई और रोबोटिक की पढ़ाई भी कराई जा रही है। जांजगीर में पहले से ही पॉलिटेक्निक कॉलेज है और साथ आईटीआई भी है।

डॉ द्विवेदीःअनुसूचित जाति विकास विभाग भी आपके पास है, इसमें कितना काम हो रहा है?

गुरु खुशवंत साहेब : इस क्षेत्र में लगातार बेहतर काम किया जा रहा है छात्रवृत्ति पहले जो देर से और परेशानी से मिलती थी उसे पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। पैसा भी ऑनलाइन ही छात्र-छात्राओं के अकाउंट में पहुंच रहा है। अनुसूचित जाति जनजाति प्राधिकरण की बैठक भी जांजगीर में हुई थी इसलिए कहा जा सकता है कि सरकार का ध्यान इस तरफ है। विभाग का बजट भी 50 करोड़ से बढ़कर 75 करोड़ कर दिया गया है। एससी एसटी के बच्चे जो उच्च शिक्षा की पढ़ाई करना चाहते हैं उन पांच बच्चों को 15 -15 लाख रुपए दिए जा रहे हैं। साथ ही पीएससी और यूपीएससी की तैयारी के लिए अलग से 50 लाख का प्रावधान किया गया है।

डॉ द्विवेदी :जांजगीर में सभी विधानसभा सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है, यहां भाजपा के पक्ष में हवा कैसे बदलेगी?

गुरु खुशवंत साहेबः कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के 5 साल में सिर्फ झूठ और भ्रम फैलाया है। इसलिए जांजगीर में विधानसभा में उन्हें जीत मिल गई। 4 महीने बाद ही लोकसभा चुनाव में लेकिन असलियत सामने आ गई और जनता ने भाजपा को चुन लिया। कांग्रेस ने यह भ्रम फैलाया कि संविधान खतरे में है। जबकि वास्तविकता यह है कि कांग्रेस पार्टी खतरे में है। अनुसूचित जाति समाज बीजेपी के साथ जुड़ रहा है। भाजपा सरकार का पूरा ध्यान शिक्षा, स्वास्थ्य , सड़क , नाली, पानी बिजली पर है। समाज के सभी धार्मिक स्थलों को भी सुधारा जा रहा है। इसलिए लोकसभा, जिला पंचायत , नगरी निकाय सभी में भाजपा का कब्जा है ।

डॉ. द्विवेदीःजांजगीर के सभी कांग्रेसी विधायक भाजपा पर बजट नहीं देने और काम नहीं करने देने का आरोप लगा रहे हैं?

गुरु खुशवंत साहेबःयह तो कांग्रेसी भी जानते हैं कि कितना काम कांग्रेस में हुआ था और कितना अधिक काम बीजेपी में हो रहा है। कैमरे के सामने भाजपा की बुराई करना कांग्रेसियों की मजबूरी है। कांग्रेसी खुद स्वीकार करते हैं कि शासन और प्रशासन सभी का सहयोग उन्हें मिल रहा है तभी जांजगीर ही नहीं पूरे प्रदेश का विकास एक साथ हो रहा है। इसलिए ही बोल रहा है हिंदुस्तान,मनखे मनखे एक समान ।

### एसडीएम और दबंगों...

ग्रामीण की मौत के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। आदिवासी समाज के लोगों के साथ ही कांग्रेस व आम नागरिकों ने चक्काजाम कर मुआवजा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीण की हत्या के मामले में कोरंधा पुलिस ने एसडीएम समेत चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

### माओवादियों के स्मारकों...

सोमवार सुबह से शुरू की। टीम को सूचना मिली थी कि नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में माओवादियों के प्रचार के प्रमुख हथियार स्मारक बनाए गए है।

### शादी से पहले...

बहुत सावधान रहना चाहिए, शादी से पहले किसी पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए।

### कस्टम मिलिंग के...

नहीं किया गया है। कई मिलरों के पास पिछले साल का धान आज भी रखा हुआ है। चावल जमा होने के बाद ही भुगतान किया जाता है। अलबत्ता उससे पहले साल की मिलिंग पूरी होने के बाद भुगतान रोका गया।

### भारत की नई...

समिट देश में उभरते एआई इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के मकसद से आयोजित किया गया है। इसमें 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप्स हिस्सा ले रहे हैं। यहां पर 13 देशों के मंडप बनाए गए हैं।

### भारत-फ्रांस रक्षा...

एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन-2026' पर देश-दुनिया में हर खासो-आम की निगाहें टिकी हुई होंगी। जबकि मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक होगी।

### अवैध पटाखा फैक्ट्री...

मामले की जांच के आदेश दिए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया और जांच की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी मजदूरों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-2531014, फैक्सः 0771-2227395

**e-Procurement Tender Notice**

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

**NIT NO: 406/ water works/26** **RAIPUR DATED: 16/02/2026**

Online bids are invited for the following works of works up to **10.03.2026 at 17:30 hours.**

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work/Description of Work | Probable Amount | Earnest Amount | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 185737 | नगर पालिक निगमरायपुर के जोन क्षेत्रांतर्गत टैक्टर टैंकर के माध्यम से ग्रीष्मकालीन पेयजल परिवहन के कार्य हेतु किराए से टैक्टर/टैंकर उपलब्ध कराने का कार्य। | रू. 150 लाख | रू. 1.50 लाख | 12 माह अनुबंध उपरांत |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in on from 16.02.2026 17.30 Hours. (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: -1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at **Toll Free No. 18002582502** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in 3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**Executive Engineer (Water)**
**Municipal Corporation**
**Raipur (C.G).**

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुरों पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें
एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-मेडिकल दुकान में कार्य करने हेतु डी.फार्मा पास, Marg साफ्टवेयर अनुभवी लड़के की आवश्यकता है। डी.फार्मा रजिस्टर्ड हो। वेतन योग्यता अनुसार कागज सहित सम्पर्क करें- जूना बिलासपुर 91110 00629 (39981)

**आवश्यकता है**-माल वाहक इलेक्ट्रीक ऑटो चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सोनथलिया एजेन्सीज व्यापार विहार बिलासपुर फोन 07752 405795 (39978)

**आवश्यकता है**-कार चलाने हेतु कुशल ड्राइवर एवं कपड़ के थोक दुकान में कम्प्यूटर बिलिंग टेली हेतु लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- लोकचंद सन्स करबला रोड कश्यप कॉलोनी बिलासपुर 9300266612 (39974)

**आवश्यकता है**-सिलपहरी कोल्ड स्टोर में टैली अनुभवी एकाउंटेंट कार्य का जानकार युवक एवं पिकअप कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए रहने की सुविधा उपलब्ध है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- 9827115208 (39973)

**आवश्यकता है**-प्लास्टिक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों (पेमेंट भरपुर मात्रा में) तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर की भी आवश्यकता है। सम्पर्क करें- नानक ट्रेडर्स, तेलीपारा, अजीत होटल 7711006641 (39979)

**आवश्यकता है**-आपके अपने क्षेत्र के ब्यूटी पार्लर, कॉस्मेटिक शॉप, जनरल स्टोर, मेडिकल स्टोर में Alfa Youth Brand के पर्सनल केयर (कॉस्मेटिक) बेबी डायपर, सैनेटरी पैड की मार्केटिंग, सेलिंग हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है पेमेंट 26000 से 34000, Whats App Only 9098427938 (39948)

**आवश्यकता है**-Ocean कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए योग्यता 10वी से ग्रेजुएट, उम्र 18-28 वर्ष, आय 10500 से 18000, रहना खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर, 8818877406, 96444 33021, 07752337082 (39976)

**आवश्यकता है**-थोक दवाई एजेन्सी में कार्य करने हेतु एकाउंटेंट, माल निकालने, पैकिंग करने हेतु लड़के, लड़कियां एव ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 98271 22105 (39980)

**आवश्यकता है**-बीमा सम्बन्धी कार्य हेतु शिक्षित युवक/ युवतियों की आवश्यकता है जिन्हें सामान्य इंग्लिश का ज्ञान हो, तथा स्वयं का दो पहिया वाहन हो। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- 9644481028, 8103713713 (39975)

**आवश्यकता है**-घर में बर्तन झाड़ू पोंछा काम करने के लिए मेड की आवश्यकता है काम का समय सुबह 9बजे से शाम 6बजे तक पता- मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर सम्पर्क करें- 9425535829 (39977)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर में फील्ड मार्केटिंग के लिए लड़का एवं लड़की चाहिए। वेतन 9000 से 12000+ कमीशन। फील्ड वर्क, डोर टू डोर प्रमोशन। सम्पर्क करें- 9109511248, 99937 11248 (39982)

**आवश्यकता है**-ईवी शोरूम में सेल्स एग्जीक्यूटिव-5पद, सेल्स मैनेजर-2पद, टीम लीडर-2पद रिसेप्शनिस्ट-1पद सर्विस हेल्पर-2पद चाहिए वेतन+ आकर्षक इंसेंटिव अपने बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- श्रीबजरंग ऑटोमोबाइल (Kinetic Green) तोरवा बिलासपुर 9302569282 (39963)

**आवश्यकता है**-नेत्र OT सहायक 2पद, रिसेप्सनिस्ट 2पद, स्किन प्रोसिजर असिस्टेंट 2पद की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्याता अनुसार समय सुबह 10 से 3बजे सम्पर्क करें-90989 71134 (39949)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने के लिए सेल्समैन लड़का एवं सेल्स गर्ल लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अमित थ्रेड गोल बाजार बिलासपुर 9827923507 (39965)

**आवश्यकता है**-अग्रसेन चौक, मगरपारा रोड में जयपाल टॉवर-2 हेतु चौकीदार की आवश्यकता है। वेतन 7500 (रहने हेतु कमरा) पता- दुकान नं.8, स्ट्रार चिल्ड्रन अस्पताल के पीछे, बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- 8103002273 (39972)

**आवश्यकता है**-किताब दुकान में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- रमेश बुक डिपो शिव टाकिज चौक बिलासपुर 8770921359 (39954)

**आवश्यकता है**-लॉज में मैनेजर काम के लिए एवं साफ सफाई के लिए और स्वीपर काम के लिए लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 7869523344, 7301717175 (39966)

**आवश्यकता है**-विज्ञापन कम्पनी में मार्केटिंग करने हेतु अनुभवी और फ्रेशर ग्रेजुएट एवं ई रिक्शा ड्राइवर, ऑफिस बॉय, युवक, युवती की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक बिलासपुर 6263077177 (39968)

**आवश्यकता है**-मैनेजर 1पद (ओरिजनल आईडी सहित) राजमिस्त्री, कुली, पेन्टर, बढ़ई, बिजली मिस्त्री, टाइल्स मिस्त्री चाहिए सभी रोजी वाले स्वयं आकर मिलें वेतन 10000 सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 94063 90898 (39909)

**आवश्यकता है**- रेडीमेड कपड़ा शोरूम में पुरुष सेल्समैन चाहिए। मेन्स, लेडिस वियर में 3 से 4वर्ष का अनुभव आवश्यक। वेतन 10000 से अधिक योग्यता अनुसार। पता- नेशनल होयजरी NX, सदर बाजार, बिलासपुर (39969)

**आवश्यकता है**-छोटा हाथी चलाने केलियेअनुभवी ड्राइवर, कम्प्यूटर आपरेटर (जिन्हे हिन्दी टाइपिंग चलाना आता हो) एवं प्यून- 2 (युवक/ युवती) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9993243498 (39959)

**आवश्यकता है**-होटल में कार्य करने हेतु होटल स्टॉफ, वेटर, हाउस कीपिंग स्टॉफ की चाहिए। वेतन 11000 से 15000 पता- होटल रॉयल रामा पुराना बस स्टैण्ड के पास टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर (39941)

**आवश्यकता है**-थोक आलू प्याज दुकान में मैन्युअल अकाउंट एवं सामान्य कार्य हेतु युवक (20-30 वर्ष), कार्य समय सुबह 9 से रात्रि 8बजे आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- व्यापार विहार बिलासपुर 9300328370 (39867)

**आवश्यकता है**- इलेक्ट्रीशियन, एसी टेक्नीशियन, गैस प्लांट टेक्नीशियन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- किम्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल मगरपारा रोड बिलासपुर 8982525645 (39951)

**आवश्यकता है**-पेंट शोरूम में कार्य करने हेतु अनुभवी फुल टाइम टैली ऑपरेटर, शोरूम में कार्य करने हेतु लड़के एवं ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क 9827411940 (39962)

**आवश्यकता है**-सोलर ऑफिस में कार्य करने के लिए कर्मचारी नव युवक, नव युवतियों की आवश्यकता है वेतन 8000 से 20000 तक सम्पर्क करें- 7240810000 (531)

**आवश्यकता है**-गैस मेकेनिक एवं LPG उपभोक्ताओं के घर गैस सिलेंडर डिलेवरी हेतु डिलेवरी मैन चाहिए पता- लाफागढ़ गैस एजेन्सी श्री काम्प्लेक्स देवकीनन्दन चौक के पास पुराना प्रताप टाकीज बिलासपुर 0775227443, 400761 (39958)

**आवश्यकता है**-सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सोलर सिस्टम के सेल्स मार्केटिंग हेतु अनुभवी लड़के (इनकम 40000 से 1लाख कमा सकते है) एवं चैनल पार्टनर भी चाहिए पता- सोलर चॉइस इंडिया LIC ऑफिस के सामने मगरपारा बिलासपुर 9826384400, 7049243125 (39950)

**आवश्यकता है**-सुपर बाजार में काम करने लिए स्मार्ट युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- जय भोले सुपर बाजार कारगिल चौक के पास सिन्धी कालोनी बिलासपुर 70007 62795 (39952)

**आवश्यकता है**-फैक्ट्री में फुल टाइम माल लोडिंग, अनलोडिंग हेतु शारीरिक रूप से स्वस्थ 18 से 40वर्ष के लड़के चाहिए वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- श्री शारदा इंडस्ट्रीज इंडस्ट्रीयल एरिया तिफरा बिलासपुर 7869919759 (39960)

**आवश्यकता है**-शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए। आयु 18 से 30बर्ष वेतन 9000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 91654 07080, 6261667355 (529)

**आवश्यकता है**-सुबह से शाम तक घर में विभिन्न प्रकार का शुद्ध सात्विक शाकाहारी भोजन बनाने हेतु महिला कुक चाहिए। शिक्षा 12वीं/ ग्रेजुएट। पता- वी-18, रामा लाइफ सिटी सकरी बिलासपुर 83198 17966, 9893081826 (39957)




**आवश्यकता है**-बिजी साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर युवती एवं माल जमाने, दिखाने तथा पैकिंग कार्य के लिए मेहनती लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- आर.के. बूट हाउस तेलीपारा बिलासपुर (39881)

**आवश्यकता है**-बिजी साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर युवती एवं माल जमाने, दिखाने तथा पैकिंग कार्य के लिए मेहनती लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- आर.के. बूट हाउस तेलीपारा बिलासपुर (39881)

**आवश्यकता है**-कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कार्य- कुत्तों को खाना देना, देखभाल, मल मूत्र सफाई वेतन 10000 मासिक, रहना, खाना उपलब्ध। सम्पर्क करें- चंदखुरी रायपुर, 72258 88800 (054)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 5000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- मंगला चौक, बिलासपुर 7805932585, 7803948440 (533)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

**आवश्यकता है**-तखतपुर स्थित राईस मिल में काम करने हेतु अनुभवी फुल टाईम एकाउंटेंट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8754507712, 79873 09303 (39903)

## बेचना है

**बेचना है**-दुकान बेचना है जूना बिलासपुर मेन रोड में बालाजी सेल्स एवं रमेश थ्रेड के बीच 215 वर्गफुट डबल स्टोरी स्वतन्त्र दुकान। सम्पर्क- प्रिन्स नावेल्टी गोल बाजार बिलासपुर 9827168452, 93006 25174, 9827466134 (39967)

**बेचना है**-बिलासपुर प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक भाटिया पेट्रोल पंप के सामने मेन रोड से 100 मीटर की दूरी पर डबल रोड का 2BHK मकान बेचना है प्लॉट साइज 22×45 सम्पर्क करें- 62650 41277, 8361997770 (532)

**बेचना है**-लोखण्डी मेन रोड से लगे व्यावसायिक, आवासीय सर्वसुविधायुक्त प्लाट, मकान उपलब्ध है सम्पर्क करें-एस.के. कंस्ट्रक्शन नारायणी हॉस्पीटल के बगल वंदना ट्रेडर्स के ऊपर मंगला चौक बिलासपुर 90986 49603, 7987295995 (39605)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**




**बेचना है**- मटियारी बेलतरा मुख्य मार्ग पर सेलर एवं खैरा डंगनिया के मध्य मुख्य मार्ग पर 100 फुट का फ्रंट कुल रकबा 60 डिसमिल का प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9755044382 9179507993 (39859)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |



टी20 क्रिकेट में प्रदर्शन

| | |
|---|---|
| मैच | 518 |
| पारी | 513 |
| विकेट | 700 |
| औसत | 18.5 |
| इकानॉमी | 6.58 |
| 5 विकेट हॉल | 04 |
| 4 विकेट हॉल | 18 |

## राशिद ने रचा इतिहास...

### टी20 में 700 विकेट लेने वाले बने पहले गेंदबाज

*टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 28वें लीग मैच में अफगानिस्तान ने यूएई को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने यूएई के खिलाफ एक विकेट लिया और वो टी20 प्रारुप में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए। टी20 में इस वक्त सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में राशिद खान पहले नंबर पर हैं। राशिद खान ने यूएई के खिलाफ एक विकेट लेते ही इतिहास रच दिया और टी20 प्रारुप में वो 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। राशिद खान ने ये कमाल अपने टी20 करियर के 518वें मैच की 513वें पारी में किया। इन मैचों में राशिद खान का औसत 18.5 का है जबकि इकानॉमी रेट 6.58 का रहा है।*

# अफगानिस्तान की विश्व कप में पहली जीत, यूएई को पांच विकेट से दी मात

## जीत के साथ सुपर आठ में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अजमतुल्लाह उमरजई के ऑलराउंड प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान के अर्धशतक से अफगानिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में यूएई को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखा। यूएई के 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने जादरान (53 रन, 41 गेंद, छह चौके, एक छक्का), दारविश रसूली (23 गेंद में 33 रन) और अजमतुल्लाह (21 गेंद में नाबाद 40 रन, तीन छक्के, दो चौके) की पारियों से 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। पहले दो मैच में शिकस्त झेलने वाले अफगानिस्तान के ग्रुप में अब दो अंक हैं। यूएई के भी दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका छह अंक के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है जबकि न्यूजीलैंड के चार अंक हैं। इन सभी टीम ने तीन-तीन मैच खेले हैं। यूएई की ओर से जुनैद सिद्दिकी ने 23 जबकि मोहम्मद अरफान ने 30 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए।



### यूएई की टीम 160 रन पर ढेर

इससे पहले अजमतुल्लाह (15 रन पर चार विकेट) और मुजीब उर रहमान (31 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने यूएई की टीम नौ विकेट पर 160 रन ही बना सकी। शोएब खान ने 48 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा आलीशान शराफू (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

### गुरबाज हुए जीरो पर आउट

लक्ष्य का पीछा करने उतरे अफगानिस्तान ने मैच की दूसरी ही गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज (00) का विकेट गंवा दिया, जिन्होंने जुनैद की गेंद पर शोएब को कैच थमाया। जादरान ने चौथे ओवर में हैदर अली को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में तीन चौकों और एक छक्के से 18 रन जुटाए। गुलबदिन नायब (13) ने भी मोहम्मद जवादुल्लाह पर छक्का और चौका मारा लेकिन अगले ओवर में मोहम्मद अरफान की गेंद को प्वाइंट पर हर्षिक कौशिक को कैच दे बैठे। अफगानिस्तान ने पावर प्ले में दो विकेट पर 41 रन बनाए।

### जादरान ने जड़ा अर्धशतक

सेदिकुल्लाह अटल (16) ने अरफान पर चौके के साथ आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया और फिर अगले ओवर में सिमरनजीत सिंह पर छक्का जड़ा लेकिन जवादुल्लाह ने यॉर्कर पर उनके विकेट उखाड़ दिए। जादरान ने सिमरनजीत पर चौके और फिर दो रन के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।



# 'सुपर-8' में पहुंचा इंग्लैंड

## इटली को हराया, जैक्स ने जड़ा अर्धशतक

**कोलकाता।** इंग्लैंड ने टी20 वर्ल्ड कप के 29वें मुकाबले में इटली के खिलाफ 24 रन से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में तीसरी जीत के साथ इंग्लैंड ने 'सुपर-8' में जगह बना ली है। इंग्लैंड के अलावा ग्रुप-सी से वेस्टइंडीज भी अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 7 विकेट खोकर 202 रन बनाए। इस टीम के लिए फिलिप सॉल्ट ने जोस बटलर के साथ पहले विकेट के लिए 21 रन जोड़े। बटलर महज 3 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सॉल्ट ने 28 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। यह टीम 105 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो चुकी थी, जहां से विल जैक्स ने सैम करन के साथ छठे विकेट के लिए 25 गेंदों में 54 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जैक्स 22 गेंदों में 4 छक्कों और 3 चौकों के साथ 53 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि करन ने 19 गेंदों में 25 रन का योगदान दिया। विपक्षी खेमे से ग्रांट स्टीवर्ट और क्रिशन कलुगामागे ने 2-2 विकेट निकाले।

### इटली के मेनेंटी ने जड़े 6 छक्के, खेली 60 रन की पारी

इसके जवाब में इटली की टीम 178 रन पर सिमट गई। इस टीम ने महज 22 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। यहां से जस्टिन मोस्का ने बेन मेनेंटी के साथ चौथे विकेट के लिए 48 गेंदों में 92 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 114 के स्कोर तक पहुंचाया। बेन मेनेंटी 25 गेंदों में 6 छक्कों और 4 चौकों के साथ 60 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद मोस्का ने ग्रांट स्टीवर्ट (45) के साथ छठे विकेट के लिए 21 रन जुटाकर टीम को 135 के स्कोर तक पहुंचा दिया। इटली ने 135 के स्कोर पर पांचवां विकेट गंवाया, जिसके बाद 16वें ओवर की लगातार दो गेंदों पर विकेट खोकर टीम संकट में आ गई, लेकिन यहां से स्टीवर्ट ने जसप्रीत सिंह (12) के साथ 18 गेंदों में 40 रन की साझेदारी करते हुए टीम में एक बार फिर जीत की उम्मीद जगाई, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही टीम बिखर गई।

## खबर संक्षेप



### नेपाल के खिलाड़ियों पर दबाव डालना जरूरी

**मुंबई।** नेपाल के कोच निक पोथास का मानना है कि अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों पर आगे और अधिक दबाव डालने की जरूरत है और उन्होंने अपने खिलाड़ियों से अपील की कि वे मंगलवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के अपने मैच में पिछले दो मैचों में की गई गलतियों को न दोहराएं। नेपाल ने टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी लेकिन उसके बाद से उसके प्रदर्शन में गिरावट आई है तथा उसे इटली और वेस्टइंडीज से क्रमशः 10 और नौ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। पोथास ने कहा, 'अगर हमें नेपाल क्रिकेट में सुधार लाना है तो हमें बुनियादी ढांचा तैयार करना होगा। टीमें तभी बेहतर प्रदर्शन करती हैं जब खिलाड़ियों पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होता है। मुझे नहीं पता कि नेपाल में ऐसा क्या है, लेकिन क्रिकेट में सुधार के लिए खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव महसूस करना जरूरी है।'

### द.अफ्रीका के खिलाफ हार का कोई असर नहीं पड़ेगाः ग्लेन फिलिप्स



**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के हरफनमौला ग्लेन फिलिप्स ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार का असर ग्रुप डी में सबसे निचले पायदान पर काबिज कनाडा के खिलाफ उनके मैच पर नहीं पड़ेगा और टीम इस मुकाबले को जीतकर सुपर आठ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगी। न्यूजीलैंड फिलहाल तीन मैचों में दो जीत के साथ ग्रुप तालिका में दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका छह अंकों के साथ सुपर आठ में पहुंच चुका है। दक्षिण अफ्रीका से सात विकेट की हार झेलने के बाद न्यूजीलैंड की कोशिश अपनी खामियों को दूर कर खिताब के दावेदार के तौर पर अपनी स्थिति मजबूत करने की होगी। फिलिप्स ने कहा, ' टी20 मैचों में जीत और हार के बीच बहुत कम अंतर होता है। पिछले दिन दक्षिण अफ्रीका ने खेल के हर पहलू में शानदार प्रदर्शन किया। हमने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका को अलग-अलग प्रारूपों में कड़ी टक्कर दी है।''

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल : पडिक्कल ने जड़ा दोहरा शतक, कर्नाटक ने खड़ा किया रनों का पहाड़

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कप्तान देवदत्त पडिक्कल के प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहले दोहरे शतक की मदद से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ छह विकेट पर 689 रन बनाए । रविचंद्रन स्मरण ने भी 191 गेंद में 11 चौकों की मदद से नाबाद 121 रन की पारी खेली। पडिक्कल ने 330 गेंद में 29 चौकों और तीन छक्कों के साथ 232 रन बनाए।



### कर्नाटक ने रखी लय कायम

अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 355 रन से आगे खेलते हुए कर्नाटक ने उसी लय को कायम रखा । पडिक्कल और करुण नायर (105 गेंद में 60 रन ) ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन जोड़े। उत्तरखंड को पहली सफलता अभय नेगी ने दिलाई, जिन्होंने करुण को विकेटकीपर सौरभ रावत के हाथों लपकवाया। पडिक्कल ने 288 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह स्मरण के साथ 59 रन की साझेदारी करने के बाद लक्ष्य रायचंदानी की गेंद पर विकेटकीपर रावत को कैच देकर लौटे। श्रेयस गोपाल खाता भी नहीं खोल सके और आदित्य रावत की गेंद पर बोल्ड हो गए। वहीं पडिक्कल के आउट होने के बाद स्मरण ने विकेटकीपर कृतिक कृष्णा के साथ 123 रन की साझेदारी की। कृष्णा ने 103 गेंद में 60 रन बनाए, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल था । आफ स्पिनर अवनीश सुधा ने कृष्णा को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा । इसके बाद विद्याधर पाटिल (नाबाद 35) ने स्मरण के साथ सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 81 रन जोड़ लिए हैं।

# जम्मू कश्मीर और बंगाल में टक्कर आकिब के सत्र में 50 विकेट पूरे

### बंगाल की टीम ने पहली पारी में बनाए 328 रन

एजेंसी ▶▶| कल्याणी

मोहम्मद शमी के तीन विकेट के बावजूद जम्मू कश्मीर ने बंगाल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पांच विकेट पर 198 रन बना लिए, जिससे मुकाबला अभी भी बराबरी का है। बंगाल ने पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 328 रन बनाए। जम्मू कश्मीर के लिए आकिब नबी ने 26 ओवरों में 87 रन देकर पांच विकेट लिए । इस रणजी सत्र में उनके 50 विकेट पूरे हो गए हैं । बंगाल के लिए फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज सुदीप कुमार घरामी कल के स्कोर में दस रन और जोड़कर 146 रन पर आउट हो गए । अनुभवी सुमंता गुप्ता ने 36 गेंद में 39 रन बनाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने 20 ओवरों में 41 रन देकर तीन विकेट लिए।



### डोगरा के रणजी ट्रॉफी में 10 हजार रन पूरे

जम्मू कश्मीर की पारी में शमी ने बंगाल के लिए शानदार पहला स्पैल डाला। उन्होंने सलामी बल्लेबाज शुभमन खजूरिया (तीन) और ताविर हुसैन (दो ) को पगबाधा आउट किया जबकि शुभम पुंडीर ने मुकेश कुमार की गेंद पर स्लिप में सुदीप चटर्जी को कैच थमाया।

तीन विकेट 13 रन पर गिरने के बाद जम्मू कश्मीर के लिये अनुभवी कप्तान पारस डोगरा ने 112 गेंद में 58 रन बनाये और युवा आईपीएल स्टार अब्दुल समद ने 85 गेंद में 82 रन की पारी खेली। डोगरा ने रणजी ट्रॉफी में 10000 रन भी पूरे कर लिए।

### यूएई और उपमहाद्वीप के बाहर अधिक मैच खेलने होंगेः ट्रॉट

**नई दिल्ली।** शीर्ष टीमों के खिलाफ अधिक द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के कप्तान राशिद खान के नजरिए का समर्थन करते हुए अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि उन्हें इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में भी खेलना सीखना होगा। मौजूदा टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने की कगार पर खड़े अफगानिस्तान के कप्तान राशिद ने जोर दिया था कि छोटे देशों को शीर्ष टीम के खिलाफ नियमित रूप से खेलना चाहिए, जिससे कि बड़े टूर्नामेंट अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकें। ट्रॉट ने कहा कि शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने के अलावा उन्हें यूएई (अफगानिस्तान के घरेलू मुकाबलों का मेजबान) और उप महाद्वीप के बाहर भी खेलना सीखना होगा। ट्रॉट ने कहा, ' मैं और भी अधिक द्विपक्षीय श्रृंखलाएं चाहूंगा।

# पांच भारतीय खिलाड़ियों ने किया पाकिस्तान के घमंड को चकनाचूर

**कोलंबो।** टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ एक और यादगार जीत दर्ज कर भारत ने सुपर-8 में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। इस महामुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए इस हाईवोल्टेज मैच में कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम इंडिया के 5 खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के घमंड को चकनाचूर किया।

### ईशान किशन की धमाकेदार शुरुआत

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 175 रन बोर्ड पर लगाए। यह स्कोर टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी था। ओपनर इशान किशन ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने तेज रन गति बरकरार रखते हुए 40 गेंदों में 77 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाए और पाकिस्तान के गेंदबाजों को दबाव में रखा।



### सूर्यकुमार यादव की जुझारू पारी

ईशान के आउट होने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभाला। उन्होंने बीच के ओवरों में समझदारी से बल्लेबाजी की और तिलक वर्मा के साथ साझेदारी कर टीम को 170 के पार पहुंचाया। सूर्य ने 29 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली, जो टीम के लिए काफी अहम साबित हुई।



### बुमराह का घातक स्पैल

इसके बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने स्पेल में सैम अयूब और सलमान अली आगा के रूप में लगातार दो विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को बैकफुट पर धकेल दिया। उनके प्रदर्शन ने पाकिस्तान की रन गति पर ब्रेक लगा दिया।

### हार्दिक ने गेंद से दिखाया दम

175 रनों के लक्ष्य का बचाव करने उतरी भारतीय टीम को गेंदबाजों ने शानदार शुरुआत दी। हार्दिक पंड्या ने अपने पहले ही ओवर में पाकिस्तान के ओपनर को आउट कर टीम को शुरुआती सफलता दिलाई। उन्होंने 3 ओवर में सिर्फ 16 रन देकर 2 विकेट लिए और बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

### अक्षर की फिरकी ने उम्मीदें खत्म कर दीं

बीच के ओवरों में स्पिनर अक्षर पटेल ने भी कमाल किया। उन्होंने पाकिस्तान के प्रमुख बल्लेबाजों को आउट कर मैच पर भारत की पकड़ मजबूत कर दी। इसके अलावा वरुण चक्रवर्ती ने भी एक ही ओवर में दो विकेट लिए और मैच पूरी तरह से भारत की झोली में डाल दिया। भारतीय गेंदबाजों के सामने पाकिस्तान की पूरी टीम 114 रनों पर सिमट गई। इस जीत से भारत ने न सिर्फ अपने ग्रुप में बढ़त बना ली बल्कि सुपर-8 में पहुंचने की राह भी आसान कर ली। अब टीम इंडिया का अगला मैच 18 फरवरी को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ खेला जाएगा।

### आज सुबह 11 बजे से कनाडा और न्यूजीलैंड में टक्कर

# पावरप्ले की कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड की कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आ गई थी और उसकी टीम अब कनाडा के खिलाफ मंगलवार को होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में इन्हें दूर करने और सुपर आठ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगा।

विश्व कप से ठीक पहले भारत में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के बाद न्यूजीलैंड की टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से काफी हद तक अभ्यस्त होकर टूर्नामेंट में उतरी। अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ आसान जीत ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम के खिलाफ उसे सात विकेट से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस हार ने हर विभाग में, खासकर बल्लेबाजी में उसकी कमजोरियों को उजागर कर दिया।



### रचिन की खराब फॉर्म चिंता का विषय

न्यूजीलैंड के लिए पावरप्ले की परेशानियां लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं, क्योंकि शुरुआती विकेट गिरने से लय बिगड़ जाती है और मध्य क्रम के बल्लेबाजों को पारी को संवारने का काम करना पड़ता है। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर रचिन रविंद्र की खराब फॉर्म भी टीम के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। अब जबकि टूर्नामेंट अगले दौर में प्रवेश करने वाला है तो न्यूजीलैंड के टीम प्रबंधन उनके जल्दी लय में लौटने की उम्मीद कर रहा होगा। गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।

### कनाडा अंक तालिका में निचले पायदान पर

*दूसरी तरफ कनाडा की भी अपनी परेशानियां हैं। उसकी टीम दक्षिण अफ्रीका और यूएई के खिलाफ अपने दोनों मैच हारने के बाद अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। टूर्नामेंट से पहले प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव न होने का असर उनके प्रदर्शन में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के अनुकूल ढलना भी उनके लिए मुश्किल रहा है। यूएई से हार के बाद तेज गेंदबाज दिलोन हेइलिगर ने कहा था, 'हम यहां की तुलना में काफी कम तापमान में रहते हैं और हमारे पास क्रिकेट खेलने के लिए साल में केवल तीन महीने होते हैं। हम इनडोर अभ्यास करते हैं। इसलिए हमारे लिए यह थोड़ा मुश्किल है, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है।'*

# चोटिल हेज़लवुड की जगह स्टीव स्मिथ टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| पल्लीकल

ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच से कुछ घंटे पहले चोटिल तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की जगह बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल कर दिया। इस तरह स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम के 15वें सदस्य बन गए हैं। आईसीसी ने कहा, ' स्मिथ को पिंडली की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने वाले हेज़लवुड की जगह टीम में शामिल किया गया है। टीम के चिकित्सकों को उम्मीद थी कि वह (हेज़लवुड) टूर्नामेंट के अंतिम चरण में खेलने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।' इससे पहले चोटिल कप्तान मिचेल मार्श के



कवर के तौर पर स्मिथ को श्रीलंका भेजा गया था। मार्श ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती दोनों मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने हालांकि रविवार को टीम के साथ अभ्यास किया। स्मिथ ने पिछले साल फरवरी के बाद से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, लेकिन घरेलू प्रतियोगिताओं में उन्होंने इस प्रारुप में अच्छा प्रदर्शन किया है।

16- FEB- K&C- MAIN- Pg- 10 SARA SANSAR_Layout 1 2/17/2026 12:12 AM Page 1






# कभी पृथ्वी की तरह हरा-भरा हुआ करता था मंगल, फिर कैसे हो गया सूखा बंजर



**वॉशिंगटन।** हमारी पृथ्वी का पड़ोसी ग्रह मंगल कभी धरती की तरह हरा-भरा हुआ करता था। फिर वह सूखा बंजर कैसे होता चला गया? अब मंगल पर हुई लेटेस्ट रिसर्च ने इसका राज खोल दिया है। दुनिया भर के वैज्ञानिक पिछले कई दशकों से इस बात की खोज में लगे हैं कि मंगल ग्रह पर मौजूद आखिर कहां चला गया। लेकिन, उन्हें अब तक इसका सटीक जवाब नहीं मिल पाया था। लेकिन, अब लगता है कि इस राज से पर्दा उठने लगा है। वैज्ञानिकों को मंगल ग्रह से पानी के गायब होने के पीछे रॉकेट तूफान का पता चला है। यह तेज धूल से भरी ऐसी भयानक आंधियां होती हैं, जो किसी लिफ्ट की तरह काम करती हैं। ये जमीन से पानी को भाप बनाकर पहले ऊपर उठाती हैं। इसके बाद उसे वायुमंडल में ले जाती हैं, जहां वह हमेशा के लिए खत्म हो जाता है।

### रॉकेट तूफान की वजह से पानी हो गया गायब

रिपोर्ट के मुताबिक, मंगल ग्रह पर तीन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यानों रिसर्च कर रहे हैं। उन्होंने पर्सिवियरेंस और क्यूरियोसिटी जैसे रोवर्स के जरिए मंगल ग्रह के धरातल के सैंपल इकट्ठे किए. इसके बाद उन सैंपल का डेटा जांचा गया तो पता चला कि मंगल शुरू से बिना पानी का ग्रह नहीं था। बल्कि, वह भी पानी की मौजूदगी की वजह से पृथ्वी की तरह हरा-भरा था। लेकिन, फिर प्राकृतिक रूप से घटित रॉकेट तूफान की वजह से उसका पानी हमेशा के लिए गायब होता चला गया।



### अंतरिक्ष में गुम होता जा रहा है पानी

अपने रिसर्च में वैज्ञानिकों ने पाया कि मंगल ग्रह की आकृति अंडाकार है और उसका वायुमंडल बेहद पतला है। इसकी वजह से वहां पर मौसम की स्थितियां काफी उथल-पुथल भरी होती हैं। इसी वजह से जब सौर किरणों की वजह से पानी भाप बनकर ऊपर उठता है तो पतला वायुमंडल उसे रोक नहीं पाता और वह पानी हाइड्रोजन के रूप में अंतरिक्ष में गुम हो जाता है।

### धूल के तूफान से वायु मंडल हो जाता है गर्म

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने अपने शोध में पाया कि मंगल ग्रह पर अक्सर आने वाले धूल के तूफान उसके पतले वायु मंडल को करीब 15 डिग्री सेल्सियस तक गर्म कर देते हैं। इतनी गर्मी की वजह से भाप बना हुआ पानी और ऊपर उठ जाता है ऊपरी वायुमंडल में धकेल दिया जाता है।

### अल्ट्रावॉयलेट किरणों से सुरक्षा नहीं मिलती

वहां पर उन्हें अल्ट्रावॉयलेट किरणों से सुरक्षा नहीं मिलती। जिसकी वजह से अणु टूट जाते हैं और भाप के रूप में मौजूद हाइड्रोजन को धूल भरी गर्म हवाएं बहाकर अंतरिक्ष में ले जाते हैं। अपने रिसर्च में वैज्ञानिक यह जानकर हैरान रह गए कि इसी खास पहेली की वजह से मंगल ग्रह लाखों-करोड़ों वर्षों से अपने पानी को हर साल खो रहा है। जिसके चलते कभी गहरे महासागरों से ढका रहने वाला यह ग्रह आज सूखा बंजर बनकर रह गया है।

## रोचक खबरें



## 66 साल बाद बर्फ से निकला वैज्ञानिक का शव! अंटार्कटिका में हुए थे लापता

**लंदन।** 66 सालों के लंबे इंतजार के बाद अंटार्कटिका में लापता हुए ब्रिटिश मौसम वैज्ञानिक डेनिस टिंक बेल का शरीर मिल गया है। वे मौसम की जानकारी देने वाले एक ब्रिटिश वैज्ञानिक थे जो अंटार्कटिका में काम करने के दौरान बर्फ की गहरी दरार में गिरकर लापता हो गए थे। जनवरी 2025 में पोलैंड के वैज्ञानिकों की एक टीम को डेनिस बेल का शव मिला। यह शव किंग जॉर्ज द्वीप पर पिघलते हुए ग्लेशियरों के बीच से निकाला गया था। बात साल 1959 की है जब डेनिस बेल सिर्फ 25 साल के थे। वे ब्रिटिश अंटार्कटिक टीम के साथ वहां काम कर रहे थे और एक दिन अपने साथी जेफ स्टोक्स के साथ सर्वे करते समय डेनिस अचानक बर्फ की एक बहुत गहरी और खतरनाक दरार में गिर गए। उनके साथी ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन रस्सी टूट गई वह कहीं खो गए। डेनिस बेल 1958 में एक वैज्ञानिक टीम के साथ अंटार्कटिका गए थे। उनका काम किंग जॉर्ज द्वीप की उन जगहों का नक्शा बनाना और सर्वे करना था, जहां पहले कोई नहीं गया था। 26 जुलाई 1959 को डेनिस और उनके साथी स्टोक्स ग्लेशियर का जायजा लेने निकले। वे अपनी टीम के बाकी लोगों से काफी आगे निकल चुके थे। रास्ते में बर्फ के बीच छिपी गहरी दरार थी जो धंस गई और वे उसमें गिर गए।


## मिस्र की कब्रों में मिला 'तमिल ब्राह्मी और संस्कृत' शिलालेख

**काहिरा।** मिस्र की मशहूर किंग्स वैली में एक खुदाई के दौरान 2 हजार साल पुराने 30 शिलालेख मिले हैं। जिसमें से 20 शिलालेखों पर तमिल भाषा में लेख लिखी हुई है, और शेष 10 पर संस्कृत भाषा के लेख लिखे हैं। जिसके बाद वैज्ञानिकों ने इसपर रिसर्च करना शुरू कर दिया है। मिस्र की वो रहस्यमयी किंग्स वैली, जहां फिरऔनों और राजाओं के ममीकृत शरीर हजारों सालों से दफन हैं, आज अचानक भारत के लिए चर्चा का केंद्र बन गई है। हाल ही में हुई एक पुरातात्विक खुदाई में यहां ऐसी चीज मिली है, जिसने इतिहास की किताबों को फिर से लिखने पर मजबूर कर दिया है। करीब दो हजार साल पुराने तमिल-ब्राह्मी, संस्कृत और प्राकृत भाषा के शिलालेखों ने यह साबित कर दिया है कि जब दुनिया संचार के साधनों के लिए संघर्ष कर रही थी, तब भारतीय व्यापारी ऊबड़-खाबड़ समुद्री रास्तों को पार कर मिस्र के पिरामिडों तक पहुंच चुके थे। आखिर कौन था वो सिकाई कोर्रान जिसका नाम मिस्र की कब्रों पर बार-बार लिखा मिला था। वैज्ञानिकों के मुताबिक, किंग्स वैली की छह चट्टानी कब्रों में करीब 30 शिलालेख मिले हैं। इनमें से 20 तमिली यानी तमिल-ब्राह्मी लिपि में हैं। बाकी 10 संस्कृत और प्राकृत में लिखे गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ये शिलालेख पहली से तीसरी सदी के बीच के हैं। इससे पता चलता है कि भारत के अलग-अलग हिस्सों से लोग उस दौर में मिस्र पहुंचते थे। उनका मुख्य उद्देश्य मसालों और कीमती सामान का व्यापार करना था।



# भारत की वो रहस्यमयी जगहें जिन्हें विज्ञान भी नहीं सुलझा पाया

**नई दिल्ली।** भारत में रहस्यों से भरी हुई कई जगहे हैं। कोई जगह भूतों, तो कोई अन्य वजहों से जानी जाती है। आखिर इन जगहों से जुड़ा रहस्या क्या है? इसका जवाब आज तक विज्ञान भी नहीं खोज पाया। भारत की इमारतें ना जाने कितने दशकों के इतिहास को संजोए बैठी हैं। भारत जितना ऐतिहासिक है, उतना रहस्यमय भी है। आज आपको देश की कुछ ऐसी ही रहस्यमयी जगहों के बारे में बताते हैं।



### दमस बीच

गुजरात के समुद्री तट पर स्थित दमस बीच भी रहस्य से भरा हुआ है। यहां पर हमेशा पर्यटक आते रहते हैं। पर्यटक इस बीच का जमकर लुत्फ उठाते हैं, लेकिन स्थानीय लोगों की बातें सुनने के बाद अच्छे-अच्छों की रूह कांप जाती है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस बीच पर अदृश्य ताकतें रहती हैं। सूर्य के अस्त होने के बाद इस बीच पर चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनाई देती हैं। किसी समय यहां कब्रें हुआ करती थीं।

### शापित गांव

राजस्थान के कुलधरा गांव की आबादी कभी 1500 हुआ करती थी, लेकिन एक दिन रातों रात सभी लोग गायब हो गए। तब से लेकर आज तक कोई उस गांव में नहीं बस पाया है। लोग दावा करते हैं कि यह गांव करीब 200 वर्षों से वीरान पड़ा है। यह गांव



जैसलमेर से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह गांव 1291 में पालीवाल पंडितों द्वारा बसाया गया था। एक दिन अचानक लोग रात में गायब हो गए, तब से ही इस गांव को भुतिया मान लिया गया। तब से ही लोग इस गांव को भुतिया कहते हैं। लेकिन, लोग कहां चले गए यह रहस्य आज तक बना हुआ है।

### डी.सूजा चॉल

डी.सूजा चॉल, महिम, मुंबई में स्थित है। दावा किया जाता है कि इस चॉल के आस-पास एक भूतनी की



आत्मा भटकती है। यह करीब 25 साल पहले इसी चॉल में रहती थी। वह एक रात कुएं पर पानी भरने गई थी गलती से कुएं में गिर गई और मर गई। फिलहाल अब यह कुआं बंद कर दिया गया है। लोगों का दावा है कि तब से ही उसकी आत्मा चॉल में भटक रही है।

### दिल्ली कैंट

दिल्ली कैंट से जाने वाले लोग अजीबो-गरीब दावा करते हैं। उन लोगों का दावा है कि यहां से जाने पर सफेद साड़ी पहने एक लड़की दिखाई देती है और वो लोगों से लिफ्ट मांगती है। अगर कोई लिफ्ट नहीं देता है, तो वह उसके पीछे दौड़ती है।

### जी.पी ब्लाक

मेरठ के इस इलाके के बारे में कई रहस्य हैं। बताया जाता है कि यहां लाल रंग की साड़ी पहनकर



एक औरत कभी बिल्डिंग के ऊपर तो कभी बिल्डिंग से बाहर आते हुए दिखती है। कुछ लोगों का दावा है कि यहां चार लड़कों को घर में टेबल पर बीयर पीते भी देखा गया है। इन अजीबो-गरीब घटनाओं की वजह से लोगों ने अब इसके अंदर नहीं जाते हैं।

## दुनिया का सबसे बड़ा पत्ता जिसमें छिप जाए आदमी

**ब्रासीलिया।** क्या आपको मालूम है कि किस पेड़ का पत्ता दुनिया में सबसे बड़ा होता है। इतना लंबा चौड़ा कि उसके पीछे पूरा एक आदमी छिप ही जाए। इसी तरह से एक पत्ता ऐसा भी होता है, जिसकी लंबाई 20 मीटर से 25 मीटर तक चली जाती है। एक पत्ता ऐसा कांटे वाला होता है कि बुरी तरह घाव कर दे। एक बुरी तरह गंध वाली पत्ती होती है -कीड़े मकौडे. उसके पास फटकते भी नहीं. ...और एक मांसखोर पत्ता भी...। ये अमेजन के जंगलों के एक पेड़ पर लगता है। ये ब्राजील के अमेज़न में पाया जाता है। माना जाता है कि ये कोकोलोबा गिगांटिफोलिया नाम के वृक्ष की प्रजाति का पत्ता है। इसके विशाल पत्ते 2.5 मीटर (8 फीट) तक लंबे हो सकते हैं तो कम से कम एक से दो मीटर चौड़ा। हालांकि ये दुर्लभ पेड़ है। इसकी प्रजाति को बचाने में वैज्ञानिक लगे हुए हैं।



20 मीटर से 25 मीटर तक चली जाती है लंबाई

### 9 मंज़िला इमारत जितना लंबा हो सकता है

आप आइए आपको एक पत्ते के बारे में बताते हैं जो 20-25 मीटर तक ऊंचा हो सकता है और इसे दुनिया का सबसे लंबा पाम पत्ता कहते हैं। इसके पत्ते पृथ्वी पर जमीन पर होने वाले किसी पेड़ के सबसे बड़े और लंबे पत्ते माने जाते हैं। ये 3-4 मीटर तक चौड़ा। यानी एक पत्ता लगभग 8–9 मंज़िला इमारत जितना लंबा हो सकता है। ध्यान दें ये एक पत्ता ही होता है, कई पत्तियों का गुच्छा नहीं. ये मध्य अफ्रीका में पाया जाता है। इससे रस्सियां, छप्पर, चटाइयां बनती हैं। स्थानीय लोग इससे झोपड़ी की पूरी छत ढक देते हैं। एक ही पत्ता काफी होता है। इस पेड़ को साइंस की भाषा में राफिया रेंगालिज कहा जाता है।

# 50 फीट की छलांग और बर्फ में हो जाता है गायब!

**नई दिल्ली।** हिम तेंदुआ, जिसे 'पहाड़ों का भूत' या घोस्ट ऑफ द माउंटेंस भी कहा जाता है, मध्य और दक्षिण एशिया के ऊंचे पहाड़ों का निवासी है। यह दुर्लभ और सुंदर 'बिग कैट' अपनी शातिर क्षमता और ठंडे वातावरण में जीवित रहने की अनोखी अनुकूलन क्षमता के लिए जानी जाती है। हिम तेंदुआ खूबसूरत, लेकिन मायावी जानवर माना जाता है। दरअसल, यह इतना चालाकी से छिप जाता है कि उसे देख पाना लगभग नामुमकिन होता है। उसके धुएं जैसे भूरे-सफेद फर पर गहरे धब्बे और रोसेट निशान होते हैं, जो बर्फीली चट्टानों और खड़ी ढलानों में पूरी तरह घुलमिल जाते हैं। बर्फ में सफेद फर के कारण वह और भी अदृश्य हो जाता है। ये जानवर ऊंचे पहाड़ों में रहते हैं, जहां इंसान बहुत कम पहुंचते हैं। हालांकि, आईयूसीएन रेड लिस्ट में इसे वर्तमान में संकटग्रस्त श्रेणी में रखा है, जहां इसकी आबादी में कमी जारी है।

### हिम तेंदुआ को कहा जाता है पहाड़ों का भूत



### पहाड़ों का सबसे फुर्तीला शिकारी

हिम तेंदुआ पहाड़ों का सबसे फुर्तीला शिकारी है। जानकारी के अनुसार, यह एक छलांग में 50 फीट तक कूद सकता है, जो बहुत ऊंची चोटियों और खड़ी चट्टानों पर शिकार पकड़ने में मदद करता है। अपने शक्तिशाली पिछले पैरों की वजह से वह तेजी से आगे बढ़ता है और संतुलन के लिए लंबी पूंछ का इस्तेमाल करता है। एक ही जगह खड़े होकर यह 30 फीट और सीधी छलांग में 20 फीट तक कूद सकता है। यह तेज और चालाक शिकारी होता है।

### 12 सेमी मोटा फर उन्हें ठंड से बचाता

सर्दियों में फर घना और लंबा हो जाता है, पेट पर 12 सेमी तक मोटा फर होता है, जो उन्हें ठंड से बचाता है। हिम तेंदुए के सिर, गर्दन और पैर काले धब्बों से ढके होते हैं, आंखें हल्के हरे या भूरे रंग की होती हैं और छोटे, गोल कान होते हैं। इनकी मजबूत छाती, लंबे पैर और बड़े पंजे बर्फ में आसानी से चलने में मदद करते हैं। सबसे खास इसकी लंबी पूंछ होती है। यह खड़ी ढलानों पर संतुलन बनाए रखने और ठंड में खुद को लपेटकर गर्म रखने में भी मददगार होती है।

# कब्र में मिला 3,300 साल पुराना सैंडल, जांच में खुले कई राज

**काहिरा।** 1922 में इजिप्ट के एक ऐसे राजा की कब्र मिली थी, जिसकी मौत मात्र 17 साल की उम्र में हो गई थी। तूतनखामुन की कब्र से सोना, जानवरों की हड्डियों सहित पांच हजार से अधिक चीजें मिली थी। इस कब्र से मिली चीजों में शामिल थी सैंडल, जिससे कई राज खुले। मिस्र के इतिहास में तूतनखामुन का नाम आज भी सबसे चर्चित है। मात्र 17 साल की उम्र में मरने वाले इस युवा फारारो की कब्र 1922 में ब्रिटिश पुरातत्वविद् हॉवर्ड कार्टर ने खोजी थी। इस कब्र से 5,000 से ज्यादा कीमती वस्तुएं मिलीं, जिनमें सोने का डेथ मास्क, जानवरों की मूर्तियां, हड्डियां और दर्जनों जोड़ी चप्पलें शामिल थी। लेकिन, इनमें से एक जोड़ी सैंडल ने सबको चौंका दिया है। इनकी तलवों पर दुश्मनों की तस्वीरें बनी हैं, जो फारारो के पैरों तले कुचली जा रही हैं! ये सैंडल लकड़ी की बनी हैं, जिन पर छाल, हरे चमड़े और गोल्ड फॉइल की परत चढ़ी है। सफेद पेंट के ऊपर ये डिजाइन बनाया गया था। सबसे शॉकिंग हिस्सा है इनकी तलवें। इसमें राजा कैदियों के ऊपर चलते नजर आया।






# सिर्फ राजा पहनते थे इस धागे के कपड़े, समुद्र में होता था पैदा, 2000 साल बाद लौटा!

**सियोल।** आपने कई तरह की कीमती फैब्रिक देखी-सुनी होग। लेकिन, हजारों साल पहले एक ऐसा सिल्क पाया जाता था, जो रेशम के कीड़े से नहीं, बल्कि समुद्र की गहराइयों में पाया जाता था। सोने-सी चमक वाला ये सिल्क दो हजार साल बाद फिर से मार्केट में देखने को मिल रहा है। समुद्र की गहराइयों से निकला सोने जैसा चमकदार रेशम! यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि एक प्राचीन वास्तविकता है जो अब 2000 साल बाद फिर से जीवित हो रही है। प्राचीन काल में यह सी सिल्क या समुद्री रेशम सिर्फ राजा-महाराजाओं, सम्राटों और पोप के लिए आरक्षित था। इसमें कोई डाई नहीं, कोई केमिकल नहीं था। बस प्राकृतिक सुनहरी चमक जो समुद्र के एक खास शेलफिश से आती थी। अब दक्षिण कोरियाई वैज्ञानिकों ने इसे दोबारा बनाकर दुनिया को चौंका दिया है।

**बेहद कीमती फैब्रिक हो गया था गायब**

### सी सिल्क क्या है?

यह बाइसस थ्रेड्स से बनता है। ये वो महीन, मजबूत धागे होते हैं जो कुछ खास शेलफिश (मसल्स या क्लैम) समुद्र की चट्टानों से चिपकने के लिए निकालते हैं। मुख्य रूप से मेडिटेरेनियन क्षेत्र में पाए जाने वाले पिन्ना नोबिलिस नामक बड़ी क्लैम से ये धागे इकट्ठा किए जाते थे। इन धागों को साफ करके, स्पिन करके और बुनकर अल्ट्रा-लक्जरी कपड़े बनाए जाते थे। यह रेशम से भी ज्यादा हल्का, गर्म और टिकाऊ होता था।

### मात्र राजाओं के लिए बनते थे कपड़े

रोमन साम्राज्य में इसे 'गोल्डन फाइबर ऑफ द सी' कहा जाता था। यह



इतना दुर्लभ था कि एक छोटा सा टुकड़ा बनाने में महीनों लग जाते थे और सैकड़ों डाइव्स की जरूरत पड़ती थी। प्राचीन इतिहास में इसका जिक्र मिलता है। रोमन लेखकों ने ऐसे कपड़ों का वर्णन किया है, जो सूरज की रोशनी में सोने की तरह चमकते थे। कुछ इतिहासकार मानते हैं कि ग्रीक मिथक 'गोल्डन फ्लीस' भी इसी से प्रेरित हो सकता है। मेडिटेरेनियन के आसपास की कम्युनिटीज, खासकर सार्डिनिया और इटली में, यह कला पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही थी। लेकिन, 20वीं सदी में प्रदूषण, क्लाइमेट चेंज, ओवरहार्वेस्टिंग और पैरासाइट से पिन्ना नोबिलिस की संख्या तेजी से घटी।

### अब हुआ कमबैक

दक्षिण कोरिया के पोहांग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर डॉन्ग सू ह्वांग और जिमिन चोई की टीम ने एक सस्टेनेबल तरीका ढूंढ निकाला है। उन्होंने पिन्ना नोबिलिस की जगह कोरिया के तटों पर बड़े पैमाने पर फार्म की जाने वाली एट्रीना पेक्टिनाटा (पेन शेल) का इस्तेमाल किया। यह क्लैम फूड के लिए उगाई जाती है और इसके बाइसस थ्रेड्स को वेस्ट के रूप में फेंक दिया जाता था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, : RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail :